बालाघाट
बुधवार 29 जुलाई 2026
आषाढ शुक्ल 15 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 305
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 76,835.78 |
| निफ्टी | - | 23,995.95 |
| सोना | - | 154236 |
| चांदी | - | 240000 |
| डॉलर | - | 95.86 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com


## खास खबर

### भूमिका बनीं मिसेज अर्थ एलीट 2026

मुंबई। मिसेज अर्थ एलीट 2026 का ताज सिर्फ खूबसूरती का नहीं, बल्कि समझदारी, आत्मविश्वास और समाज के लिए काम करने की सोच का भी प्रतीक माना जाता है। भूमिका शाजवानी ने इसे जीत कर इतिहास रच दिया है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए भूमिका ने जजों को अपने विचारों से काफी प्रभावित किया। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा और महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर साफ और मजबूत विजन रखा। उनकी खास बात यह रही कि उन्होंने सिर्फ बातें नहीं कीं, बल्कि ऐसे काम और योजनाएं भी बताईं जो जमीन पर सच में बदलाव ला सकती हैं। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए भूमिका ने कड़ी मेहनत की। उन्होंने स्टेज की तैयारी, फिटनेस और पब्लिक स्पीकिंग के साथ-साथ समाज के लोगों के बीच जाकर काम भी किया।

### दो दिन के लिए चारधाम यात्रा रुकी

देहरादून। राजधानी देहरादून में पिछले 24 घंटे में मालदेवता में सबसे अधिक 233 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि देहरादून, मसूरी, जोलीग्रांट और उखीमठ समेत कई क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हुई। लगातार बारिश के चलते चारधाम यात्रा को दो दिन के लिए अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। केदारनाथ, बदरीनाथ और यमुनोत्री हाईवे कई स्थानों पर भूस्खलन से बंद हो गए हैं। नदी-नाले उफान पर हैं, कई जगह मलबा और बोल्डर गिरने से सड़कें बाधित हुईं, लोगों का रेस्क्यू करना पड़ा और चार जिलों में स्कूल भी बंद आज बंद किए गए हैं। चारधाम यात्रा दो दिन के लिए अस्थायी रूप से रोक दी गई है। आयुक्त गढ़वाल मंडल ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्ग कई स्थानों पर भूस्खलन से अवरुद्ध होने और भारी वर्षा का अलर्ट के कारण यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत आज और कल के लिए चारधाम यात्रा स्थगित की गई है।

### बस कश्मीर में 50-फीट गहरी खाई में गिरी

मंदसौर। जम्मू-कश्मीर के बालटाल से श्रीनगर जा रही मंदसौर की बस मंगलवार को करीब 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। बस में सवार करीब 40 श्रद्धालु सवार थे, जो अमरनाथ यात्रा से लौट रहे थे। बस में करीब 40 श्रद्धालु सवार थे, जिनमें मध्यप्रदेश और राजस्थान के यात्री शामिल हैं। हादसे में सभी यात्री घायल हैं, जबकि दो को गंभीर चोटें आई हैं। ये हादसा सुबह करीब 7 बजे गांदरबल जिले के रंगा मोड़ के पास हुआ। स्थानीय लोगों और राहत-बचाव दल ने सभी यात्रियों को बाहर निकाला। घायलों को पहले उप जिला अस्पताल कंगन ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सौरा, श्रीनगर रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक ज्यादातर यात्रियों को मल्टीपल इंजरी और हेड ट्रॉमा है। फिलहाल सभी घायलों की हालत स्थिर बताई गई है और उनका उपचार जारी है।

### सीजेपी छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की ज्यादतियों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# छात्रों का आंदोलन शांतिपूर्ण था, जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग करने वालों पर कार्रवाई हो

नई दिल्ली। एजेंसी।

**देश के विभिन्न हिस्सों में छात्र आंदोलनों पर पुलिस की कार्रवाई और कथित ज्यादतियों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि जवाबदेही तय करने के लिए एक स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए 18 वर्ष से कम सभी छात्रों को रिहा करने का निर्देश भी दिया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सभी राज्यों को निर्देश दिया जाता है कि छात्र प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार किए गए छात्रों को रिहा किया जाए। प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ किसी भी तरह की दबावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी।**

## सीजेआई बोले नाबालिग प्रदर्शनकारियों को तुरंत रिहा करें

**यह टिप्पणी उस दिन के एक दिन बाद आई है जब भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि सिर्फ इसलिए कि कोई आंदोलन चल रहा है, पुलिस की ज्यादतियों को उचित नहीं ठहराया जा सकता। पीठ ने यह भी कहा था कि मामले में संतुलित दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए और यदि किसी असामाजिक तत्व ने कानून तोड़ा है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जिस किसी ने भी अपनी सीमाओं का उल्लंघन किया है और निर्दोष लोगों पर अत्याचार किए हैं, कानून उसके साथ उचित कार्रवाई करेगा। लेकिन इसके लिए पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच जरूरी है। अगर किसी की जवाबदेही तय नहीं होती तो ऐसी जांच का कोई अर्थ नहीं रह जाता।**



### हाई पावर्ड समिति के गठन का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया है कि वह एक उच्चाधिकार प्राप्त (हाई पावर्ड) समिति के गठन का आदेश दे सकता है जो दिल्ली सहित अन्य राज्यों में प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं की जांच करेगी। अदालत ने यह भी कहा कि पुलिस का यह तर्क हो सकता है कि कई बार शांतिपूर्ण प्रदर्शन में भी असामाजिक या उपद्रवी तत्व घुस जाते हैं जिसके कारण हिंसा भड़कती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि इस मामले में सभी पक्षों को अदालत की सहायता करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देशभर में विरोध प्रदर्शनों और भीड़ नियंत्रण (क्राउड कंट्रोल) के लिए प्रस्तावित अखिल भारतीय प्रोटोकॉल में कुछ आवश्यक संशोधन करने होंगे क्योंकि वर्तमान परिस्थितियां पारंपरिक तरीके से नहीं चल रही हैं। ऐसे बदलते हालात को ध्यान में रखते हुए इस मुद्दे का समुचित समाधान आवश्यक है।

### दिल्ली समेत 7 राज्यों को नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने नीट प्रदर्शन के दौरान हुई कथित हिंसा और पुलिस कार्रवाई से जुड़े मामलों में दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, असम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और केरल सरकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अदालत ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि घटनाओं से जुड़े सभी सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखे जाएं ताकि जांच के दौरान किसी भी महत्वपूर्ण साक्ष्य से छेड़छाड़ ना हो। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों के खिलाफ प्रदर्शन से पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं था और जिन पर केवल प्रदर्शन के दौरान मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उनके खिलाफ अगली सुनवाई तक कोई दंडात्मक या दबावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### सवालों के घेरे में पुलिस की कार्रवाई

पिछले एक सप्ताह से दिल्ली के जंतर-मंतर समेत देश के कई शहरों में प्रश्नपत्र लीक के विरोध में चल रहे छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में है। दिल्ली में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पैलेट गन के इस्तेमाल को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की आलोचना हो रही है। इस कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारियों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। वहीं, बिहार में प्रदर्शन को नियंत्रित करने के दौरान पुलिस फायरिंग में तीन लोगों के घायल होने की सूचना है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद, जिसमें एक पुलिसकर्मी प्रदर्शन के दौरान एक-47 असॉल्ट राइफल से फायरिंग करता दिखाई दे रहा था, संबंधित पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया है।

# एनसीपी के दोनों गुटों के विलय की अटकलों पर शरद पवार का विराम

नई दिल्ली। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के संस्थापक शरद पवार ने पार्टी के दोनों गुटों के संभावित विलय की अटकलों को खारिज करते हुए मंगलवार को स्पष्ट कहा कि एनसीपी के दोनों धड़े दोबारा एक साथ नहीं आएंगे। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब हाल के दिनों में उनकी और उनकी पार्टी के नेताओं की भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से हुई मुलाकातों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में नए समीकरणों की चर्चा तेज हो गई थी।



शरद पवार ने कहा कि दोनों गुटों के फिर से एक होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। उनके इस बयान को उन अटकलों पर विराम के रूप में देखा जा रहा है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि एनसीपी (शरद गुट) भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा बन सकती है। दरअसल, एक दिन पहले एनसीपी (शरद गुट) की सांसद सुप्रिया सुले और सांसद बजरंग सोनवणे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। पार्टी नेताओं के अनुसार, यह मुलाकात सुप्रिया सुले की बेटी के विवाह समारोह के रिसेप्शन का निमंत्रण देने के उद्देश्य से हुई थी। हालांकि इस मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई कि शरद पवार का गुट भाजपा के साथ नई राजनीतिक समझ विकसित कर सकता है।

इससे पहले 22 जुलाई को शरद पवार और सुप्रिया सुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की थी। करीब 20 मिनट चली इस बैठक के बाद शरद पवार ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री को एक पत्र सौंपा और देश के विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

पवार के अनुसार, बैठक में नीट परीक्षा पेपर लीक, छात्र आंदोलन, प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई, छात्रों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले तथा कृषि क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत हुई। उन्होंने कहा था कि इन मुद्दों पर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है। हालिया राजनीतिक मुलाकातों के बीच एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित विलय और एनडीए में शामिल होने की अटकलें लगातार लगाई जा रही थीं। हालांकि शरद पवार के ताजा बयान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल पार्टी के दोनों धड़ों के एक मंच पर आने या राजनीतिक पुनर्गठन की संभावना से उन्होंने साफ इनकार किया है।

## दिल्ली सरकार ने 'लक्ष्मी योजना' को दी मंजूरी

**महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये**

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने 'लक्ष्मी योजना' को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज बहुत खुशी का पल है। जिस योजना का दिल्ली की बहनों को वादा किया था, उस लक्ष्मी योजना को कैबिनेट में मंजूरी दी गई है। इसके तहत योग्य महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे। दिल्ली कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि 1 अगस्त को पोर्टल लॉन्च कर दिया जाएगा और रक्षाबंधन पर महिलाओं को पहली किस्त दी जाएगी। दरअसल, 'लक्ष्मी योजना' दिल्ली सरकार की महिलाओं के लिए शुरू की गई एक आर्थिक सहायता योजना है। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करना है।

### किसे मिलेगा योजना का लाभ?

इस योजना का लाभ उन महिलाओं को मिलेगा, जो दिल्ली की स्थायी निवासी हों और उनका आधार कार्ड हो। इसके अलावा उनका बैंक अकाउंट आधार से लिंक होना चाहिए और साथ ही महिला के परिवार की आय निर्धारित सीमा के भीतर होनी चाहिए।

# सरकार बोली-कानून से परीक्षा प्रणाली होगी मजबूत

**विपक्ष ने उठाए जवाबदेही के सवाल, लोकसभा में पेपर लीक संशोधन विधेयक पर तीखी बहस, -चर्चा का समय बढ़ाकर आठ घंटे किया गया**

नई दिल्ली। लोकसभा में मंगलवार को पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर विस्तृत चर्चा हुई। वर्ष 2024 में बने कानून में संशोधन के लिए लाए गए इस विधेयक पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सरकार ने इसे परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया, जबकि विपक्ष ने इसे अपर्याप्त बताते हुए सरकार की नीतियों और छात्र आंदोलनों के दौरान हुई कार्रवाई पर सवाल उठाए।



विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि संशोधन का उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य अनुचित गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर शिक्षा के प्रति गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक केवल दिखावे का प्रयास है और वास्तविक सुधारों की आवश्यकता है। गोगोई ने छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई का मुद्दा उठाते हुए, पूछा कि छात्रों पर लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल का आदेश किसने दिया। उन्होंने सरकार से इस संबंध में जवाब देने की मांग की।

### जुमले दे रही सरकार-अखिलेश

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार अपने वादों को पूरा करने के बजाय केवल जुमले देती है। उन्होंने कहा कि युवाओं और छात्रों के मुद्दों पर ठोस समाधान की जरूरत है, न कि केवल नए कानूनों की। दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि विधेयक पर चर्चा के लिए प्रारंभिक रूप से छह घंटे का समय निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि यदि सत्ता पक्ष और विपक्ष सहमत हों तो चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने बताया कि सरकार ने सभी दलों से बातचीत के बाद चर्चा की अवधि बढ़ाकर आठ घंटे करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो सरकार 10 घंटे तक भी चर्चा कराने के लिए तैयार है, ताकि सभी दलों को अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल सके।

## अमेरिका से 25 प्रतिशत एलपीजी इंपोर्ट करेगा भारत

नई दिल्ली। पश्चिम एशियाई देशों पर एलपीजी को लेकर अपनी निर्भरता कम करने के लिए भारत अमेरिका से अधिक इंपोर्ट करने पर विचार कर रहा है। भारत साल 2027 में अन्य देशों से खरीदे जाने वाली एलपीजी में से एक-चौथाई अमेरिका से इंपोर्ट की योजना बना रहा है। भारत के सरकारी रिफाइनर इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम अगले एक-दो महीने में साल 2027 में अमेरिका से एलपीजी सप्लाई के लिए टेंडर जारी कर सकते हैं। सोर्सिंग पर बातचीत करने के लिए इन कंपनियों का एक प्रतिनिधिमंडल अगले महीने अमेरिका जा सकता है। सूत्रों द्वारा दी गई इस जानकारी की पुष्टि के लिए रॉयटर्स ने तेल मंत्रालय और तीनों कंपनियों को ई-मेल किया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने निकट भविष्य में अमेरिका से ऊर्जा की खरीद 10 अरब डॉलर से बढ़ाकर 25 अरब डॉलर करने का वादा किया है। दोनों देश साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमत हुए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत पहले ही पश्चिम एशिया से गैस की सप्लाई बाधित होने के बाद अमेरिका और अन्य देशों से एलपीजी खरीद तेज कर चुका है। जून महीने में पहली बार भारत ने अमेरिका से दस लाख टन से ज्यादा एलपीजी इंपोर्ट की थी।

## कुछ ना कहना




## भीषण सड़क दुर्घटना के बाद कार में लगी आग, महिला और मासूम बच्चे की जिंदा जलकर मौत

अहमदाबाद। जिले के धोलेरा क्षेत्र से एक बेहद हृदयविदारक सड़क हादसा सामने आया है। धोलेरा के चंदनी गांव के समीप हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। कार और एक अन्य वाहन के बीच हुई जबरदस्त टक्कर के बाद कार में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के तुरंत बाद शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य कारण से कार में आग भड़क उठी। आग ने कुछ ही क्षणों में विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस दर्दनाक हादसे में कार में सवार एक महिला और एक मासूम बच्चे की जिंदा जलने अथवा दम घुटने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के स्थानीय लोग और राहगीर तुरंत बचाव के लिए मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की तत्परता और समय पर किए गए प्रयासों से कार में फंसे दो अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे उनकी जान बच गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, आग लगने का वास्तविक कारण क्या था और हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है, इन सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## छात्र आंदोलन-खाना खिलाने वाले जुनैद पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

नई दिल्ली। हालिया छात्र आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों को खाना उपलब्ध कराने वाले जुनैद मलिक ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस पर उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लेने, धमकाने और उनके परिवार के सदस्यों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

जुनैद ने अपनी अर्जी में बताया कि 24 जुलाई की आधी रात को रेबीज का टीका लगवाकर राम मनोहर लोहिया अस्पताल से लौटते समय पुलिस अधिकारियों ने उन्हें रास्ते से उठा लिया। उन्हें करीब पांच से छह घंटे तक वाहन में हिरासत में रखा गया, जहां उन्हें डराया-धमकाया गया। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन जबरन लेकर उसकी जांच की और भोजन वितरण के लिए आर्थिक सहायता के स्रोत के बारे में पूछताछ की। बाद में उन्हें देहरादून मार्ग पर एक सुनसान स्थान पर छोड़ दिया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि गाजियाबाद पुलिस ने उनके पिता को हिरासत में लेकर उनके घर पर छापा मारा, जिससे सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ। इसके अतिरिक्त, पुलिस मेरठ स्थित उनकी विवाहित बहन के घर भी पहुंची और उनके ससुर तथा देवर को अपने साथ ले गई, हालांकि बाद में सभी को छोड़ दिया गया।

याचिका में कहा गया है कि यह पूरी कार्रवाई बिना किसी लिखित दस्तावेज और कानून में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना की गई। मलिक ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि पुलिस को उनके परिवार के खिलाफ किसी भी दमनात्मक कार्रवाई से रोका जाए और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाए कि यदि कोई जांच होती है, तब वह पूरी तरह कानून के अनुसार की जाए। यह अर्जी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज कुमार झा की लंबित रिट याचिका में दायर की गई है, जिसमें छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस की कथित ज्यादतियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## दिल्ली पुलिस महासंघ ने पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजकर मांगी अनुमति

### अब पुलिस के समर्थन में होगा जंतर-मंतर पर धरना

नई दिल्ली। पेपर लीक मामले और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले दिनों प्रदर्शन के दौरान पुलिस की ओर से प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज का मामला लगातार गरमाया हुआ है। विपक्षी दल छात्रों पर लाठीचार्ज, पैलेट गन और बर्बरतापूर्ण कार्रवाई पर एक्शन लेने की मांग कर रहा है। तो वहीं अब पुलिस भी जवाबी मूड में आ गई है और एक दिन के लिए धरना करने की अनुमति मांगी है। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों के हमले में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्द्धसैनिक सुरक्षा बलों के लोग घायल हुए हैं। दिल्ली पुलिस महासंघ ने पुलिस कमिश्नर को पत्र भेजकर 31 जुलाई को जंतर-मंतर पर एक दिन के लिए शांतिपूर्ण धरना करने की अनुमति मांगी है। महासंघ ने अपने पत्र में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक धरना आयोजित करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

### 31 को अहिंसक तरीके से होगा धरना

साथ ही पत्र में यह भी कहा गया है कि पिछले हफ्ते 20 जुलाई को जंतर-मंतर और उसके आसपास ड्यूटी के दौरान बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों के अधिकारी एवं जवान गंभीर और सामान्य रूप से घायल हो गए। महासंघ ने बताया कि यह धरना रिटायर दिल्ली पुलिसकर्मियों और कानून का पालन करने वाले नागरिकों की ओर से प्रस्तावित है। इसे पूरी तरह शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीके से आयोजित किया जाएगा। इससे पहले पिछले दिनों दिल्ली पुलिस से जुड़े सूत्रों के हवाले से यह खबर आई थी कि 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के 'संसद चलो' मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई हिंसक झड़प में 130 पुलिसकर्मी (पुलिस और अर्धसैन्य के जवान) घायल हो गए थे जिसमें कई की हालत गंभीर है। घायलों में कई पुलिस अफसर भी शामिल हैं।

# जनसुनवाई में सुनी गईं आवेदकों की समस्याएँ

## 105 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 28 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव तथा एसडीएम गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 105 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।

किरनापुर निवासी निशा उइके बैहर के ग्राम सोनपुरी निवासी शंकर मसराम के खिलाफ जबरन भूमि पर कब्जा करने की शिकायत लेकर आयी थी। निशा का कहना था कि उसकी बड़ी माँ की पुत्री सरयू मसराम मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग है, जिसकी पैतृक भूमि पर शंकर मसराम ने जबरन कब्जा कर खेती की जा रही है। शंकर मसराम के ऐसा करने से सरयू के भरण-पोषण और उपचार के लिए भूमि का उपयोग नहीं हो पा रहा है। निशा ने दिव्यांग महिला को उसकी भूमि का कब्जा दिलाने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस प्रकरण में बैहर तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

बालाघाट तहसील के वार्ड नं 01 सिद्धार्थ नगर निवासी राजेंद्र चौरागडे वॉर्ड में शिव साईं मंदिर के सामने दोनों तरफ नाली बनवाने की माँग लेकर आये थे। राजेंद्र ने बताया कि मंदिर के सामने की नाली में पानी की निकासी सही तरह से नहीं होने से गंदे पानी का जमाव हो रहा है, जिससे कि वार्ड वासियों को मच्छर व अत्यधिक दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। अत: शीघ्र नाली निर्माण का कार्य सुनिश्चित किया जाए। इस प्रकरण में सीएमओ बालघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

किरनापुर के ग्राम सालेटेका निवासी प्रकाश डोंगरे महिन्द्रा एंड महिन्द्रा फाइनेंस कंपनी के खिलाफ अतिरिक्त राशि की मांग कर परेशान करने की शिकायत लेकर आये थे। प्रकाश का कहना था कि वर्ष 2018 में 50 हजार का होम लोन लेने के बाद उन्होंने निर्धारित किस्तों का नियमित भुगतान किया, फिर भी कंपनी 09 हजार रुपए की राशि बकाया बता रही है। प्रकाश ने बताया कि कंपनी द्वारा उससे अतिरिक्त राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। अत: मामले की जांच कर उचित समाधान कराने कराया जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।



खैरलांजी तहसील अंतर्गत ग्राम बकोड़ी निवासी वर्षा राणा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान स्वीकृत कराने की मांग लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि पीएम आवास प्लस सूची में उनके सत्यापन के दौरान गलत तरीके से उनके नाम पर चार पहिया वाहन दर्ज कर दिया गया, जबकि उनके पास कोई वाहन नहीं है। वर्षा ने कहा कि इस त्रुटि के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने प्रशासन से जांच कर त्रुटि सुधारते हुए शीघ्र आवास स्वीकृत करने की मांग की है। इस प्रकरण में जिला पंचायत की परियोजना अधिकारी आवास को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सेवानिवृत्त हेडपंप तकनीशियन कृष्ण कुमार चौहान लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि का एरियर दिलाने की मांग लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि नियमित नियुक्ति और परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के बावजूद वर्षों से वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ और उसका एरियर नहीं मिला है। कृष्ण कुमार का कहना है कि विभागीय आदेशों के बाद भी उनका प्रकरण लंबित रखा गया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर शीघ्र लंबित एरियर का भुगतान कराने की मांग की है। इस प्रकरण में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

जनसुनवाई में बैहर तहसील के ग्राम जाल्दा के ग्रामीण वन विभाग की भूमि का पट्टा दिलाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि वन विभाग के बीट क्रमांक 1910 एवं 1911 की भूमि की दो बार नाप-जोख हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से प्रकरण लंबित रहने के कारण पात्र लोगों को वन भूमि का पट्टा नहीं मिल सका है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर वन भूमि का पट्टा आवंटित करने की मांग की है। इस प्रकरण में एसडीओ फॉरेस्ट को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

खैरलांजी तहसील के ग्राम भौरगढ़ निवासी तेजराम करंडे शिकायत लेकर आये थे कि कुछ लोगों ने सीसी रोड तोड़कर शौचालय का गंदा पानी उनके मकान के सामने सार्वजनिक मार्ग पर छोड़ दिया है, जिससे गंदगी, दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। शिकायत में सरपंच एवं सचिव पर नालियों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया गया है। तेजराम ने मामले की जांच कर जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। इस प्रकरण में जनपद सीईओ खैरलांजी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

जनसुनवाई में लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम पनबिहरी निवासी विनोद ब्रम्हे ने बिना लिखित नोटिस निजी भूमि पर जांच करने के आरोप में हल्का पटवारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया है कि पटवारी बिना किसी वैधानिक आदेश या प्रकरण के उनकी लगानी भूमि पर पहुंचकर खसरा-नक्शा की मांग करते हुए जांच का दबाव बना रहे थे। आवेदक का आरोप है कि लिखित आदेश मांगने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जबकि खसरा एवं नक्शा शासकीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। इस प्रकरण में लालबर्रा तहसीलदार को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

खैरलांजी तहसील के ग्राम झरिया निवासी पूरनलाल मेश्राम एवं शिवराम परिहार वन अधिकार अधिनियम के तहत वन भूमि का पट्टा दिलाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि वह वर्ष 1982 से पूर्व से मुरझड़ बीट के कम्पार्टमेंट क्रमांक 474 स्थित लगभग तीन एकड़ वन भूमि पर खेती करता आ रहा है। उन्होंने स्वयं को गरीब एवं गरीबी रेखा के अंतर्गत पात्र बताते हुए वन भूमि पर अधिकार का दावा किया है। अत: मामले की जांच कर वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत भूमि का पट्टा प्रदान किया जाए। इस प्रकरण में एसडीओ फॉरेस्ट को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में बालाघाट तहसील अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 के निवासी शोऐब खान कच्ची सड़क और जलभराव की समस्या लेकर आए थे। उसने बताया कि बारिश के कारण सड़क पर जलभराव और कीचड़ से वार्डवासियों तथा स्कूली बच्चों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड निवासी शेख अब्दुल्लाह की ओर से भी इसी समस्या के निराकरण नहीं होने का उल्लेख किया गया। आवेदकों ने कच्ची सड़क पर गिट्टी बिछाकर जल निकासी की व्यवस्था कराने और शीघ्र समाधान की मांग की है। इस प्रकरण में सीएमओ बालाघाट को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

वारासिवनी तहसील के ग्राम सिकंद्रा पटेलटोला निवासी बालकृष्ण पारधी पड़ोसी किशोर मंडले के खिलाफ शिकायत लेकर आये थे कि वह खेत की मेड़ पर लगे सीमेंट के खंभे और तार तोड़ देता है तथा विरोध करने पर चाकू से जान से मारने की धमकी देता है। आवेदक ने यह भी आरोप लगाया कि उनकी फसल को मवेशियों से चरवाकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है और गांव में अशांति का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इस प्रकरण में एसडीएम वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

# पेंशन के बहाने बुजुर्ग की केवाईसी और अंगूठा लिया, फिर खोल दिया बैंक खाता, मनरेगा में फर्जी हाजिरी लगाकर निकाले हजारों रूपयें

### जॉब कार्ड ऑनलाइन चेक करने पर खुला मामला, 2021-22 में दर्ज मिली हाजिरी, हितग्राही बोला- पंचायत में कभी काम ही नहीं किया, सहायक सचिव और मेट पर लगाए गंभीर आरोप

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिला मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत जागपुर में एक बुजुर्ग हितग्राही के नाम पर कथित तौर पर फर्जी मनरेगा हाजिरी लगाकर हजारों रुपए निकालने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत के सहायक सचिव और मेट ने पेंशन की राशि दिलाने और बैंक संबंधी प्रक्रिया पूरी करने के नाम पर हितग्राही की केवाईसी और बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट लिए और इसी के आधार पर उसके नाम से



फिनो बैंक में खाता खोल दिया। इसके बाद बुजुर्ग के नाम से ग्राम पंचायत में चलने वाले निर्माण कार्यों में फर्जी हाजिरी दर्ज कराकर करीब रूपये 23,500 रूपये की राशि खाते में जमा कर निकाले जाने का आरोप लगाया गया है। मामले का खुलासा कई वर्ष बाद तब हुआ, जब हितग्राही के नाती ने ऑनलाइन जॉब कार्ड की जानकारी देखी। रिकॉर्ड में उसके दादा के नाम से मनरेगा कार्यों में हाजिरी दर्ज मिली, जबकि परिवार का कहना है कि उन्होंने कभी ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत काम किया ही नहीं। इसके बाद जब परिवार ने बैंक खाते और मनरेगा से जुड़ी जानकारी खंगाली तो पूरे मामले को लेकर सवाल खड़े हो गए।

मामला बालाघाट जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जागपुर का बताया जा रहा है। ग्राम पंचायत निवासी रीतनलाल बोहने 28 जुलाई को अपने परिजनों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे और जनसुनवाई में शिकायत प्रस्तुत कर पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। रीतनलाल के अनुसार वह पिछले कई वर्षों से दूध बेचने का काम करते हैं और उन्हें शासन की ओर से पेंशन भी मिलती है। इसी पेंशन से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कराने के नाम पर ग्राम पंचायत के सहायक सचिव विकास शिंदे और मेट तेजराम लांजेवर ने कथित तौर पर उन्हें विश्वास में लिया। हितग्राही का आरोप है कि सहायक सचिव और मेट ने केवाईसी कराने तथा बायोमैट्रिक फिंगरप्रिंट लगाने की बात कहकर उनकी जानकारी और अंगूठे का निशान लिया। इसके बाद उनके नाम से फिनो बैंक में खाता खोल दिया गया। हितग्राही को इस खाते की जानकारी लंबे समय तक नहीं थी। इसी दौरान उनके नाम से मनरेगा के निर्माण कार्यों में मजदूरी की हाजिरी दर्ज होती रही और राशि उनके नाम से खोले गए बैंक खाते में पहुंचती रही। परिवार के मुताबिक यह पूरा मामला वर्ष 2021-22 का है, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें करीब पांच वर्ष बाद 2026 में हुई। हितग्राही के नाती प्रदीप बोहने ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन जॉब कार्ड की जानकारी देखी तो उनके दादा के नाम से मनरेगा कार्यों में कई दिनों की हाजिरी दर्ज मिली। रिकॉर्ड देखने के बाद परिवार के लोग हैरान रह गए, क्योंकि रीतनलाल ने कभी उन निर्माण कार्यों में मजदूरी नहीं की थी। प्रदीप के अनुसार जॉब कार्ड में दर्ज हाजिरी के आधार पर करीब 23,500 रूपये की राशि का भुगतान दिख रहा है। परिवार का आरोप है कि उनके दादा को जानकारी दिए बिना उनके नाम से बैंक खाता खोलकर इस राशि का इस्तेमाल किया गया। उनका कहना है कि यदि उन्होंने ऑनलाइन रिकॉर्ड नहीं देखा होता तो शायद उन्हें लंबे समय तक इस कथित अनियमितता की जानकारी ही नहीं मिलती। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि पेंशन संबंधी काम कराने के नाम पर पहले बुजुर्ग का बायोमैट्रिक लिया गया और केवाईसी कराई गई। इसी प्रक्रिया का कथित रूप से गलत इस्तेमाल कर बैंक खाता खोला गया। अब परिवार को आशंका है कि इस खाते का इस्तेमाल केवल मनरेगा की राशि निकालने तक सीमित नहीं रहा होगा, बल्कि अन्य किसी तरह के लेन-देन में भी किया गया हो सकता है। हालांकि इस संबंध में वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। रीतनलाल बोहने ने मामले की शिकायत ग्राम पंचायत स्तर के साथ-साथ जिला प्रशासन के समक्ष भी की है। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उनके नाम पर बिना जानकारी के बैंक खाता खोला गया और फर्जी हाजिरी के माध्यम से राशि निकाली गई है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वहीं, उनके नाती प्रदीप बोहने ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत जागपुर के सहायक सचिव से चर्चा की तो उन्हें कथित तौर पर यह जवाब दिया गया कि इस पूरे मामले में जनपद पंचायत बालाघाट के कुछ कर्मचारी भी शामिल हैं और उनका कोई कुछ नहीं कर सकता। परिवार ने इस कथित बयान की भी जांच कराने की मांग की है। मामले को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि हितग्राही के नाम से वास्तव में फर्जी हाजिरी दर्ज कर राशि निकाली गई है तो मनरेगा के रिकॉर्ड में बिना काम किए किसी व्यक्ति की उपस्थिति किस स्तर पर दर्ज हुई और भुगतान की प्रक्रिया में किन-किन स्तरों पर सत्यापन किया गया। इसके अलावा हितग्राही के नाम से बैंक खाता खोलने के लिए केवाईसी और बायोमैट्रिक प्रक्रिया किस आधार पर पूरी की गई, यह भी जांच का महत्वपूर्ण बिंदु होगा।

# गणित-विज्ञान की पढ़ाई ठप, स्कूल से अकेले जनसुनवाई पहुंच गए नौनिहाल, बोले- शिक्षक की व्यवस्था करो साहब

### माध्यमिक शाला बोरी के करीब एक दर्जन छात्र-छात्राएं ऑटो से पहुंचे कलेक्ट्रेट, बोले- फरवरी से गणित शिक्षिका जनशिक्षक के रूप में अटैच, महीनों से प्रभावित हो रही पढ़ाई

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी और उससे प्रभावित हो रही पढ़ाई का एक गंभीर मामला मंगलवार को जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में सामने आया, जब एकीकृत माध्यमिक शाला बोरी के करीब एक दर्जन नन्हे छात्र-छात्राएं अचानक स्कूल की ड्रेस में कलेक्ट्रेट पहुंच गए। दोपहर करीब 12 बजे बच्चों को एक साथ कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचते देखकर वहां मौजूद अधिकारी और लोग भी हैरान रह गए। खास बात यह रही कि इन बच्चों के साथ न तो कोई अभिभावक था और न ही कोई शिक्षक। बच्चे स्वयं अपने पास उपलब्ध पैसे एकत्र कर ऑटो से जिला मुख्यालय पहुंचे और सीधे जनसुनवाई में अपनी समस्या रखने पहुंच गए। स्कूली ड्रेस में पहुंचे इन बच्चों ने कलेक्ट्रेट में मौजूद अधिकारियों को नमस्ते किया और बिना झिझक अपनी समस्या बताना शुरू कर दिया। बच्चों ने अधिकारियों के सामने कहा कि उनके स्कूल में गणित और विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई लंबे समय से प्रभावित हो रही है। गणित की शिक्षिका दीप्ति पटले को फरवरी माह से एमएलबी स्कूल बालाघाट में जनशिक्षक के रूप में अटैच कर दिया गया है। शिक्षिका के मूल स्कूल से हटने के बाद माध्यमिक शाला बोरी में गणित विषय के लिए नियमित शिक्षक की व्यवस्था नहीं हो पाई, जिसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। बच्चों ने अपनी ओर से दिए आवेदन में बताया कि गणित की शिक्षिका दीप्ति पटले को एमएलबी स्कूल बालाघाट में जनशिक्षक के रूप में व्यवस्था के लिए भेजे जाने के कारण उनके स्कूल में गणित और विज्ञान की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है। बच्चों का कहना था कि इन दोनों विषयों में नियमित कक्षाएं नहीं लगने के कारण वे धीरे-धीरे कमजोर होते जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से माध्यमिक शाला बोरी में गणित विषय के शिक्षक की तत्काल व्यवस्था करने की मांग की, ताकि उनकी पढ़ाई दोबारा सुचारू रूप से शुरू हो सके। बच्चों ने यह भी बताया कि इस समस्या को लेकर इससे पहले उनके माता-पिता भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवेदन दे चुके हैं। अभिभावकों की ओर से गणित शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की गई थी, लेकिन जब लंबे समय तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बच्चों ने स्वयं ही जिला मुख्यालय पहुंचकर अपनी बात रखने का फैसला कर लिया। छात्रा सेजल पांजरे ने बताया कि यदि उनके अभिभावकों की ओर से दिए गए आवेदन पर समय रहते कार्रवाई हो जाती तो उन्हें इस तरह स्कूल से निकलकर जिला मुख्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ती। बच्चों को इस तरह अकेले कलेक्ट्रेट पहुंचा देखकर वरिष्ठ अधिकारी भी तत्काल उनके पास पहुंचे। डिप्टी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन और डीपीसी ने बच्चों से बातचीत की और उनकी समस्या को विस्तार से समझा। अधिकारियों ने बच्चों से पूछा कि वे बिना शिक्षक और अभिभावक के अकेले जिला मुख्यालय तक कैसे पहुंचे। इस पर बच्चों ने बताया कि वे अपने स्कूल से आए हैं और ऑटो करके बालाघाट पहुंचे हैं। बच्चों ने यह भी बताया कि स्कूल के विकास मेश्राम सर से अनुमति लेकर वे जिला मुख्यालय आए हैं। बच्चों के इस तरह अकेले स्कूल से जिला मुख्यालय पहुंचने की जानकारी मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि इतनी कम उम्र के बच्चों को बिना किसी जिम्मेदार शिक्षक या अभिभावक के इस तरह अकेले भेजना सुरक्षित नहीं है। रास्ते में यदि किसी बच्चे के साथ कोई दुर्घटना या अप्रिय घटना हो जाती तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होती? उन्होंने स्कूल प्रबंधन से भी इस तरह की लापरवाही नहीं करने की बात कही। अधिकारियों की नाराजगी के बावजूद बच्चों द्वारा अपनी पढ़ाई से जुड़ी समस्या को लेकर इतनी दूर तक पहुंचने के फैसले ने वहां मौजूद लोगों का ध्यान खींचा। बच्चों ने साफ तौर पर अधिकारियों से कहा कि उन्हें किसी अन्य सुविधा की मांग नहीं है, वे सिर्फ चाहते हैं कि उनके स्कूल में गणित और विज्ञान की पढ़ाई नियमित रूप से हो। बच्चों ने कहा कि शिक्षक नहीं होने के कारण उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है और आने वाली कक्षाओं एवं परीक्षाओं को लेकर भी उन्हें चिंता है। बच्चों ने अधिकारियों के समक्ष यह भी मांग रखी कि यदि शिक्षिका दीप्ति पटले को जनशिक्षक के रूप में एमएलबी स्कूल में ही कार्य करना है तो माध्यमिक शाला बोरी में उनके स्थान पर गणित विषय के शिक्षक की तत्काल व्यवस्था की जाए। बच्चों का कहना है कि एक शिक्षक के अटैच होने का असर पूरे स्कूल के विद्यार्थियों की पढ़ाई पर नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नियमित शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की।मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारियों ने बच्चों को उनकी समस्या के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही डीपीसी के माध्यम से बच्चों के वापस स्कूल पहुंचने की व्यवस्था कराई गई। अधिकारियों ने बच्चों को सुरक्षित तरीके से स्कूल भेजते हुए भरोसा दिलाया कि गणित और विज्ञान की पढ़ाई से जुड़ी उनकी समस्या को संबंधित विभाग के समक्ष रखा जाएगा और जल्द ही शिक्षक की व्यवस्था करने का प्रयास किया जाएगा।



# बालाघाट जिले के शासकीय महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर 31 जुलाई तक प्रवेश का अवसर

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में ई-प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। विभाग ने जिले के पात्र विद्यार्थियों से समय रहते ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है। पीजी कॉलेज बालाघाट के प्राचार्य श्री मरठे ने बताया कि जिले के 15 शासकीय महाविद्यालयों में कुल 7,983 सीटें अभी भी रिक्त हैं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की सीटें शामिल हैं। जटाशंकर त्रिवेदी शासकीय महाविद्यालय, बालाघाट में स्नातकोत्तर स्तर पर विशेष रूप से कला संकाय के विषयों में बड़ी संख्या में सीटें उपलब्ध हैं। जिले में सबसे अधिक 1,902 सीटें शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय, बैहर में रिक्त हैं। इसके अलावा शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय, बालाघाट में 942, शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में 830, शासकीय महाविद्यालय कटंगी में 821, शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 670 तथा शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में 663 सीटें खाली हैं। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय हट्टा में 481, शासकीय कमला नेहरू कला महाविद्यालय बालाघाट में 454, शासकीय महाविद्यालय लामता में 320, शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में 260, शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा में 204, शासकीय महाविद्यालय तिरोड़ी में 200, शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में 142 तथा शासकीय महाविद्यालय लांजी में 94 सीटें रिक्त हैं। वहीं शासकीय विधि महाविद्यालय, बालाघाट में सभी सीटें भर चुकी हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना निर्धारित समय सीमा के भीतर ई-प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर अपने पसंदीदा महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम में प्रवेश सुनिश्चित करें।

# अमानक उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर लगाया गया प्रतिबंध

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। अधिसूचित प्राधिकारी एवं उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने मप्र राज्य विपणन संघ मर्यादित लांजी की संस्था से लिये गए उर्वरक सिंगल सुपर फास्फेट के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने पर बैच क्रमांक बीपीएम/25/06/066 के जिले में क्रय विक्रय एवं भण्डारण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। उर्वरक निरीक्षक द्वारा 07 जुलाई 2026 को उक्त बैच के सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए उज्जैन भेजे गए थे। ब्लू फोस्फेट लिमिटेड मावली जिला उदयपुर द्वारा निर्मित उक्त उर्वरक के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए जाने के कारण यह कार्यवाही की गई है। उर्वरक निर्माता कंपनी को भी नोटिस जारी किया गया है कि उनके द्वारा अमानक पाये गए लॉट का उर्वरक कहॉ कहॉ कितनी मात्रा में प्रदाय किया गया है। निर्माता कंपनी को 07 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।



हर्षित (हर्ष) झंझाड़े
आपको 4वें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु
शुभेच्छु - लक्ष्मीनारायण (पूर्व उपसरपंच) - अनुसुईया झंझाड़े दादा-दादी
राकेश - रोशनी झंझाड़े पापा-मम्मी,
लकेश झंझाड़े चाचा
तिलकराम झंझाड़े एवं समस्त झंझाड़े परिवार
व सत्य सांई सेवा समिति बुट्टा हजारी (लालबर्रा)।

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## न्यूज गैलरी

### पति पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित, मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोपअपराध दर्ज

**ग्राम सुकड़ी की महिला ने परसवाड़ा थाने में की शिकायत**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** परसवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सुकड़ी में घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। महिला ने अपने पति पर लंबे समय से शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता रेशमी उइके 33 वर्ष की शिकायत परसवाड़ा पुलिस ने आरोपी पति अर्जुन सिंह उइके के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेशमी उइके घरेलू कार्य करती है। उसने बी.ए. के अलावा डीसीए कंप्यूटर की पढ़ाई की है। उसका मायका बैहर के उमरदेही का है। वर्ष 2015 में सामाजिक रीति-रिवाज से रेशमी की शादी अर्जुन सिंह उइके के साथ हुई थी। दंपति के तीन बच्चे हैं। रेशमी का ससुर गोविंद सिंह और जेठ विनोद बस्ती में रहते हैं।जबकि रेशमी अपने पति और बच्चों के साथ अलग रहती है। 17 जनवरी 2026 से रेशमी को उसका पति अर्जुनसिंह उसे परेशान करने लगा था। आरोप है कि वह आए दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर अश्लील गालियां देकर घर से निकल जाने कह कर मारपीट करने लगा था। रेशमी परिवार के साथ रहने की मंशा से सब सहन करती रही। शिवरात्रि के दौरान भी मारपीट किए जाने पर उसने समाज के लोगों को इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद भी पति अर्जून सिह उसे धमकाता रहा कि ज्यादा बनेगी तो दूसरी शादी कर लूंगा। 19 जुलाई की शाम करीब 6 बजे रेशमी ने पति अर्जुनसिंह से कही कि तुम एक रात घर में रहते हो और एक रात बाहर रहते हो। इतना सुनते ही अर्जुनसिंह आवेश में आ गया और उसके बाल पकड़कर खींचतान करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट और घर से निकल जाने, नहीं तो जान से खत्म करने की धमकी देकर चला गया। इसकी जानकारी रेशमी ने मोहल्ले के लोगों को दी। करीब चार-पांच दिन बाद अर्जुनसिंह वापस घर आया।इस संबंध में रेशमी ने अपनी मां और समाज के मुखिया को भी बताया। समाज की एक-दो बार बैठक भी बुलाई गई थी।लेकिन अर्जुन सिंह बैठक में उपस्थित नहीं हुआ और कहते रहा कि तुझे जो बनता है कर ले। लगातार प्रताड़ना से तंग आकर रेशमी ने परसवाड़ा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रेशमी उइके की रिपोर्ट पर पति अर्जुन सिंह उइके के खिलाफ शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## विश्वविद्यालय से सम्बंधित विघार्थियों की विभिन्न मांगों को लेकर एनएसयूआई ने किया उग्र प्रदर्शन

**कुलपति का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर जताया विरोध, मांगें पूरी नहीं होने पर ,छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के घेराव की दी चेतावनी**

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय की कथित छात्र विरोधी कार्यप्रणाली और लगातार सामने आ रही शैक्षणिक अव्यवस्थाओं के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया।प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विद्यार्थियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी किए जाने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया।एनएसयूआई पदाधिकारियों ने आरोप है कि विश्वविद्यालय में परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। कई परीक्षा केंद्रों पर समय पर प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं हो पाते, परीक्षा परिणाम घोषित करने में अनावश्यक देरी की जा रही है।बताया गया कि रिपोर्ट कार्ड एवं अंकसूची में लगातार त्रुटियां सामने आती हैं। इसके अलावा छात्रवृत्ति वितरण में हो रही देरी से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शन के दौरान संगठन ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीट वृद्धि की मांग भी प्रमुखता से उठाई। उनका कहना था कि सीमित सीटों के कारण बड़ी संख्या में छात्र प्रवेश से वंचित हो रहे हैं। साथ ही लंबे समय से लंबित अन्य**



छात्र समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया गया।

### पुतला दहन कर की जमकर नारेबाजी

कार्यकर्ताओं ने कुलपति का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जल्द ही सभी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो एनएसयूआई बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगी।संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि छात्रों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में छात्र छिंदवाड़ा पहुंचकर विश्वविद्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि छात्र हितों की रक्षा के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### मांग पूरी नही होने पर करेंगे विश्विद्यालय का घेराव-शिवम

पुतला दहन को लेकर की गई चर्चा के दौरान एनएसयूआई अध्यक्ष शिवम शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में परीक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। समय पर प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं होने, परीक्षा परिणामों में विलंब, अंकसूची में लगातार त्रुटियां, छात्रवृत्ति वितरण में देरी तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटों की कमी जैसी समस्याओं से विद्यार्थी लंबे समय से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि छात्र हितों से जुड़े इन मुद्दों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करेगा और जरूरत पड़ने पर विश्वविद्यालय का घेराव भी किया जाएगा।

## नक्सली की गोली भी नही तोड़ पायी जवान का हौसला

**सिर में गोली लगी, शरीर का एक हिस्सा हुआ बेकार, फिर भी नहीं मानी हार, मौत को मात देकर दौड़ा हॉक फोर्स का जांबाज**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कभी नक्सलियों का गढ़ कहे जाने वाला बालाघाट जिला,लंबे समय तक नक्सलवाद के लाल आतंक से जूझता रहा।जहा नक्सल मुक्त जिला बनाने की इस लड़ाई में कई जवानों ने अपनी जान गंवाई, तो कई घायल होकर भी हौसले के साथ वापस लौटे। ऐसे ही जांबाज हैं हॉक फोर्स के शिवकुमार शर्मा, जिनके सिर में नक्सलियों की गोली लगी थी। हालत ऐसी थी कि उनके दोबारा चलने की उम्मीद भी कम थी, लेकिन उन्होंने मौत को मात दी और सिर में आज भी नक्सलियों की गोली फसी हुई है फिर भी आज हर दिन 5-10 किलोमीटर दौड़ रहे हैं।शिवकुमार की कहानी बताती है कि अगर हौसला जिंदा हो, तो इंसान मौत को भी मात देकर जिंदगी की नई दौड़ शुरू कर सकता है।



### 17 नवंबर 2024 को दुगलई पहाड़ी के पास नक्सलियों ने सिर में मारी थी गोली

बताया गया कि मुरैना के रहने वाले शिवकुमार शर्मा 30 मई 2012 को पुलिस सेवा में भर्ती हुए और बाद में हॉक फोर्स का हिस्सा बने। नक्सल प्रभावित बालाघाट में तैनाती के बाद उन्होंने कई एंटी नक्सल ऑपरेशन में हिस्सा लिया। घने जंगलों में कई बार नक्सलियों से आमना-सामना हुआ, लेकिन हर बार शिवकुमार और उनकी टीम ने साहस के साथ मोर्चा संभाला। लेकिन 17 नवंबर 2024 का दिन उनकी जिंदगी का सबसे मुश्किल दिन साबित हुआ। सुरक्षा बलों को दुगलई की पहाड़ी पर नक्सलियों के मूवमेंट की सूचना मिली थी। हॉक फोर्स की टीम सर्चिंग के लिए पहुंची। टीम में शिवकुमार सबसे आगे थे। पहाड़ी की चोटी पर घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के बीच एक गोली शिवकुमार के सिर में कनपटी के पास जा लगी। गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को पहले गोंदिया के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें एयरलिफ्ट कर दिल्ली के बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### आज भी सिर में फंसी है गोली

बताया गया कि सिर में गोली लगने के बाद शिवकुमार की हालत बेहद गंभीर थी। शरीर का दायां हिस्सा काम नहीं कर रहा था और बोलने में भी परेशानी हो रही थी। कई महीनों तक इलाज चला, लेकिन शिवकुमार ने हार नहीं मानी। आज हादसे को डेढ़ साल से ज्यादा वक्त गुजर चुका है। शिवकुमार धीरे-धीरे रिकवरी कर रहे हैं। बोलने के लिए एक-एक अक्षर का अभ्यास करते हैं और अपनी फिटनेस पर भी लगातार काम कर रहे हैं। बालाघाट पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत आयोजित मिनी मैराथन में शिवकुमार ने भी दौड़ लगाई। जिस जवान के दोबारा चलने पर भी सवाल उठ रहे थे, वही आज हर दिन करीब 5-10 किलोमीटर दौड़ लगा रहा है।

### शिवकुमार पूरे मप्र पुलिस टीम की शान है-एसपी

बालाघाट एसपी आदित्य मिश्रा ने शिवकुमार के जज्बे को सलाम किया। उन्होंने बताया कि शिवकुमार पूरे मप्र पुलिस टीम की शान है। 2024 में नक्सलियों की गोली उनके सिर में लगी थी।नक्सलियों की वह गोली आज भी उनके सिर में मौजूद है, लेकिन उनका हौसला उस गोली से कहीं ज्यादा मजबूत है।करीब 35 वर्षो से नक्सली जिले में पैठ बनाए हुए थे।स्व आशीष शर्मा और शिव कुमार जैसे जवान हमारे अड़ियल है। शिवकुमार की कहानी हमे सीख देती है कि नक्सली हमे शारीरिक रूप से तोड़ सकते है लेकिन हमारे हौसलों को नही।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता सम्पन्न

**संभागीय प्रतियोगिता के लिए जिले के 30 खिलाड़ियों का किया गया चयन**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाघाट में 27 और 28 जुलाई को दो दिवसीय जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार जैन के निर्देशन में आयोजित की गई। विद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी कंचन दास ने बताया कि प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में 27 जुलाई को बालक वर्ग तथा 28 जुलाई को बालिका वर्ग की प्रतियोगिताए आयोजित की गईं। जिसका मंगलवार की देर शाम समापन किया गया।आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में बालाघाट से शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महर्षि विद्यालय, इंग्लिश स्कूल, ग्रीन वैली स्कूल, सरदार पटेल स्कूल, ओजस स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, सांदीपनी स्कूल, तथा गर्ल्स स्कूल किरनापुर के छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।28 जुलाई को प्रतियोगिता के समापन पर 15 बालक और 15 बालिकाओं को मिलाकर कुल 30 खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। चयनित खिलाड़ी आगामी समय में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में नरसिंहपुर में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।कार्यक्रम के बतौर अतिथि मंसूरी, पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी आदित्य पंडित, सम्यक जैन, गुप्ता, चंदेल, रोटरी क्लब के अध्यक्ष गुड्डू कौशल, जिला खेल अधिकारी दीपक गिरी गोस्वामी, विजय बिलोरिया, तूफान सिंह, प्रमोद शरणागत, नवीता मैथ्यू, अंकुश, विजय बोपचे, करुणा ठाकुर सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही।



## किसान खेत में विद्युत करंट से दर्दनाक मौत

**भरवेली थाना क्षेत्र के बघोली गांव की घटना, रातभर तलाश के बाद सुबह खेत में मिला शव**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भरवेली थाना क्षेत्र के ग्राम बघोली में धान की फसल को पानी देने के दौरान एक किसान की विधुत करंट लगने से मोके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक गंभीर पिता स्व. प्रतापलाल नगपुरे 55 वर्ष बघोली निवासी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, किसान गंभीर नगपुरे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था और उसका परहा लग चुका था। किंतु पिछले दिनों बारिश नहीं होने के कारण फसल सूखने लगी थी।। 27 जुलाई की दोपहर करीब 12 बजे गंभीर नगपुरे खेत में लगी धान की फसल को सिंचाई के लिए कुएं की मोटर चालू करने गए थे। बताया जा रहा है कि मोटर को बिजली देने के लिए वह विद्युत पोल से तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।देर शाम तक गंभीर नगपुरे के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और डायल-112 पुलिस को भी सूचना दी। पूरी रात खोजबीन के बावजूद उनका पता नहीं चल सका। 28 जुलाई की सुबह किसी ग्रामीण से सूचना मिलने पर परिजन खेत पहुंचे। जहां विद्युत पोल के पास गंभीर का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही भरवेली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्रियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा करंट लगने की परिस्थितियों की जांच की जा रही है।



## अडोरी पंचायत में मासूमों की मौत का नहीं थमा रहा सिलसिला

**20 दिन में चार बच्चों की मौत, बोंदारी में फिर एक मासूम ने तोड़ा दम, स्वास्थ्य विभाग आज गांवों में खंगालेगा हालात**

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बिरसा तहसील की ग्राम पंचायत अडोरी के अंतर्गत आने वाले गांवों में इन दिनों संक्रमण और वायरल फीवर का खतरा लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। क्षेत्र में कम उम्र के बच्चों के अचानक बीमार पड़ने और उनकी मौत की घटनाओं ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्राम पंचायत सरपंच परशुराम धुर्वे के अनुसार पिछले करीब 15 से 20 दिनों के भीतर अडोरी पंचायत के अंतर्गत आने वाले बोंदारी और कुंडेकसा गांव में चार मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं के बाद अब ग्रामीणों में बीमारी को लेकर भय का माहौल बना हुआ है। बताया गया कि कुंडेकसा गांव में पहले ही तीन बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि अब बोंदारी गांव में भी एक मासूम बच्ची की मौत की घटना सामने आई है। बोंदारी निवासी पूजा पिता चमरूलाल धुर्वे, उम्र करीब एक वर्ष आठ माह, की 27 और 28 जुलाई की दरमियानी रात लगभग 4 से 5 बजे के बीच अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में एक बार फिर चिंता का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के गांवों में भी कई बच्चे बीमार पड़ रहे हैं और उनमें बुखार सहित संक्रमण के लक्षण देखने को मिल रहे हैं। ग्राम पंचायत अडोरी के सरपंच परशुराम धुर्वे ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर लगातार चिंताजनक स्थिति सामने आ रही है। छोटे बच्चों में बुखार, शरीर पर दाने और अन्य बीमारी के लक्षण दिखाई देने की जानकारी ग्रामीणों से मिल रही है। कुछ ही दिनों के अंतराल में मासूम बच्चों की मौत होने से ग्रामीणों के बीच बीमारी को लेकर



तरह-तरह की आशंकाएं भी पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की नियमित निगरानी और समय पर जांच बेहद जरूरी है, ताकि बीमारी का वास्तविक कारण सामने आ सके और बच्चों को समय रहते उपचार मिल सके। इधर, इस मामले को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव से दूरभाष पर चर्चा की गई। उन्होंने भी अडोरी क्षेत्र में एक और बच्ची की मौत की जानकारी मिलने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि जानकारी के अनुसार बच्ची की हालत एक दिन पहले तक सामान्य थी, लेकिन रात के समय अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उसकी मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अब क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच तेज करने की तैयारी की है। सीएमएचओ ने बताया कि 29 जुलाई को बालाघाट जिला मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग की टीम अडोरी क्षेत्र के लिए रवाना की जाएगी। टीम ग्राम पंचायत अडोरी सहित आसपास के अलग-अलग गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर लगाएगी। शिविर में बच्चों एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और बीमारी के लक्षण पाए जाने पर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। जरूरत के अनुसार गंभीर मरीजों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के लिए भेजने की व्यवस्था भी की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि क्षेत्र में बीमारी की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाए और किसी भी प्रकार के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। हालांकि इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक बात यह भी सामने आ रही है कि बीमारी और बच्चों की मौत की घटनाओं के बावजूद कुछ परिवार अब भी आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था की बजाय झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र का सहारा ले रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बीमारी को लेकर अंधविश्वास के कारण कई बार मरीज को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता, जिससे उसकी हालत गंभीर हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग भी लगातार ग्रामीणों से अपील कर रहा है कि बच्चों में बुखार, शरीर पर दाने, कमजोरी, सांस लेने में परेशानी या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लें और किसी भी स्थिति में झाड़-फूंक के भरोसे इलाज में देरी न करें। लगातार चार मासूमों की मौत की घटनाओं के बाद अब ग्रामीणों की नजर स्वास्थ्य विभाग की जांच पर टिकी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य टीम गांवों में पहुंचकर प्रत्येक बच्चे की जांच करे और बीमारी के कारणों का पता लगाए। वहीं यह भी आवश्यक है कि जिन बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखाई दे रहे हैं, उनकी नियमित निगरानी की जाए, ताकि किसी अन्य परिवार को ऐसी दुखद स्थिति का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग की टीम के गांव पहुंचने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि क्षेत्र में बच्चों के बीच फैल रही बीमारी का वास्तविक कारण क्या है और इससे निपटने के लिए आगे किस प्रकार की चिकित्सा व्यवस्था की आवश्यकता है।

## आस-पास की खबरे

### खमरिया सड़क हादसे में मृत अज्ञात बाइक चालक की डिलेश्वर रहांगडाले के रूप में हुई शिनाख्त

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** लालबर्रा से वारासिवनी हाईवे मार्ग स्थित ग्राम खमरिया के आगे सोमवार की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच हुए सड़क हादसे में मृत बाइक सवार की पहचान आखिरकार हो गई है। मृतक




की पहचान वारा (वारासिवनी) निवासी डिलेश्वर पिता धनीराम राहंगडाले उम्र 44 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मंगलवार को मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग क़ायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को डिलेश्वर राहंगडाले मोटरसाईकिल से जाम रिस्तेदार से मिलने जा रहा था। तभी रात करीब 8 से 9 बजे के बीच खमरिया के आगे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साईकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वहाँ गंभीर रूप से घायल अवस्था में रोड किनारे पड़ा हुआ था। तभी मार्ग से गुजर रहे राहगीरों को वह घायल अवस्था में दिखाई दिया, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई और 108 वाहन की मदद से उसे लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। लेकिन रात में उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने शव बरामद कर मृत व्यक्ति की शिनाख्त नहीं होने एवं रात हो जाने पर उसके शव को शव विं छेदन गृह में रखवा दिया था। वही हादसे के बाद पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयासों में जुटी हुई थी। मंगलवार को मृतक के जीजा शिवलाल पटले (निवासी मिरेगांव) तथा मौसेरे भाई धनेंद्र बिसेन (निवासी मिरेगांव) ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान डिलेश्वर राहंगडाले के रूप में की और उसके परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। जिसके बाद लालबर्रा पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं। बताया जा रहा है कि मृतक डिलेश्वर राहंगडाले अपने पीछे एक वृध्द माँ, पत्नी और 12 वर्षीय बेटे को छोड़ गये हैं, जिसके कारण परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। साथ ही रात के समय मोटरसाइकिल में जाम जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक का रिस्तेदार शिवलाल पटले ने बताया कि डिलेश्वर रहांगडाले शाम में मोटरसाइकिल से जाम लालबर्रा जा रहा था, तभी खमरिया के समीप दुर्घटना में घायल हो गये, अस्पताल लाने पर उनकी मौत हो गई, किस वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मारी है, पता नही, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खेत जुताई करते समय विद्युत करेंट की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक की हुई मौत

## ट्रैक्टर के नोटरी में विद्युत वायर (तार) फंसने पर उसे निकालते समय घटित हुआ दर्दनाक हादसा, ग्राम में छाया मातम





## वारासिवनी पुलिस कर रही मामले की जांच, उचित कार्यवाही एवं मुआवजे की मांग

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बड़गांव के ग्राम नयाटोला में मंगलवार की शाम में एक बेहद दुःखद हादसा सामने आया है। खेत की जुताई करने गये 34 वर्षीय कामथी निवासी ट्रैक्टर चालक की विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। वहीं घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई और वारासिवनी पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणजन एवं परिजनों ने जिस किसान की गलती से उक्त हादसा घटित हुआ है उस पर उचित कार्यवाही एवं पीडित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाने की मांग प्रशासन से की है।**

### विद्युत तार हटाने के दौरान हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार कामथी निवासी 34 वर्षीय सुभाष पिता उमाशंकर चौधरी ट्रैक्टर चलाने का काम करता था जो वर्तमान में नयाटोला बड़गांव के एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। जो प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी सुबह ट्रैक्टर चलाने गया था एवं शाम करीब 4 बजे के आसपास नयाटोला में किसी किसान के खेत में जुताई कर रहा था। तभी अचानक बिजली का वायर (तार) ट्रैक्टर के नोटरी में फंस गया। जिसके बाद सुभाष ने ट्रैक्टर रोककर तार (वायर) को हटाने का प्रयास किया लेकिन दुर्भाग्यवश तार में प्रवाहित हो रहे उ%च प्रवाह वाले करेंट की चपेट में आ गया। करेंट इतना तेज था कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं विद्युत करेंट की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक सुभाष की मौत हो जाने की जानकारी लगते ही घटना स्थल में ग्रामीणजनों की भीड़ लग गई और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं घटना की जानकारी लगते ही वारासिवनी थाना पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर शव बरामद कर लिया है एवं शाम हो जाने के कारण दुसरे दिन मृत व्यक्ति का पोस्टमार्टम किया जायेगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं अचानक हुए इस हादसे से मृतक सुभाष चौधरी के परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में इस दुःखद घटना के बाद से मातम का माहौल है। बताया जा रहा है कि नयाटोला में एक किसान यानि खेत मालिक द्वारा विद्युत पोल से खींचकर नीचे-नीचे अवैध/असुरक्षित तरीके से बिजली का तार नाले खेत में मोटर चलाने के लिए लाया गया था। जब जुताई के दौरान यह तार ट्रैक्टर के नोटरी में फंस गया तो चालक सुभाष ट्रैक्टर रोककर वायर को निकालने के लिए नीचे उतरा। जैसे ही उसने तार हटाने का प्रयास किया तो उसमें प्रवाहित हो रहे विद्युत करेंट की चपेट में आने से उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### दो मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

मृतक सुभाष चौधरी अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चों और परिवार को छोड़ गया है। वह मजदूरी व ड्राइवरी का काम करके जो कमाता था उस राशि से अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। जिसकी असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे ग्राम में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही एवं पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

### मृतक के परिजनों को मिले उचित मुआवजा - शेरसिंह

शेरसिंह देशमुख ने बताया कि कामथी के सुभाष चौधरी ट्रैक्टर चलाने का काम करता था, जो मंगलवार को नयाटोला में जुताई कर रहा था तभी नोटरी में विद्युत वायर फंस गया जिसे निकाल रहा था तभी करेंट लगने से उसकी मौत हो गई। यह बहुत दुःखद घटना है, जिसकी जानकारी लगने पर लोगों की घटना स्थल में भीड़ लग गई और वारासिवनी पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्री देशमुख ने बताया कि जानकारी मिल रही है कि खेत मालिक के द्वारा पोल से मोटर चलाने के लिए नाले किनारे से विद्युत वायर लेकर गया था, तभी खेत में जुताई करते समय ट्रैक्टर में वायर (तार) फंस जाने एवं उसे निकालते समय करेंट लगने से उक्त हादसा घटित हुआ है, पुलिस ने घटना स्थल से विद्युत वायर भी जप्त किये है। मृतक परिवार का मुखिया था, प्रशासन से मांग है कि मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही एवं पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाये।

# तहसील कार्यालय परिसर के पीछे बने शौचालय में मिला वृध्द का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

## 15 से 20 वर्षों से परिवार से अलग रह रहे 65 वर्षीय सोहन के रूप में हुई मृतक की पहचान, जांच में जुटी पुलिस

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय परिसर के पीछे बने शौचालय में मंगलवार की दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब झाड़ियों के बीच बने प्रसाधन (शौचालय) में एक





वृध्द का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव बरामद किया। पुलिस द्वारा की गई शुरूआती छानबीन में मृतक की पहचान ग्राम नगपुरा निवासी 65 वर्षीय सोहन कुशमारे के रूप में हुई है। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को घटना की सूचना दी और पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दोपहर में बेसुध देखा गया, पुलिस जांच जारी

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगपुरा निवासी 65 वर्षीय सोहन कुशमारे पिछले लगभग 15 से 20 वर्षों से अपने परिवार से अलग रह रहा था। उसे अक्सर पांढरवानी रोड स्थित गार्डन के आसपास देखा जाता था और लालबर्रा में वह किसी स्थानीय दुकान में मजदूरी या काम करके अपना जीवन-यापन कर रहा था। जानकारी यह भी सामने आई है कि कुछ दिनों पूर्व सोहन की तबीयत काफी खराब हो गई थी, जिसके चलते उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया था। लेकिन वह जिला चिकित्सालय से बिना बताये आ गया था। जिसके बाद वह तहसील कार्यालय के पीछे झाड़ियों में बने शौचालय की तरफ कब और किन परिस्थितियों में पहुंचा, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। मंगलवार दोपहर तहसील कार्यालय के पीछे बने शौचालय की ओर एक व्यक्ति गया जिससे झाड़ियों के पीछे बने शौचालय (प्रसाधन) में एक व्यक्ति बेसुध अवस्था में दिखाई दिया। जिसे देखकर वह घबरा गया और अन्य लोगों को जानकारी दी, जिसके बाद लोगों की भीड़ लग गई। वहीं समीप जाकर देखा गया तो वह एक वृध्द व्यक्ति था, जिसकी मौत हो चुकी थी। 65 वर्षीय वृध्द की मौत किन कारणों से हुई है, कारण अज्ञात है। वहीं पुलिस ने घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को शव अंतिम संस्कार के लिए उनके सुपुर्द कर दिया है।

### मामले की जांच की जा रही है - थाना प्रभारी

दूरभाष पर चर्चा में थाना प्रभारी राजमल दायमा ने बताया कि मंगलवार को दोपहर में सूचना मिली थी कि तहसील कार्यालय के पीछे बने शौचालय (प्रसाधन) में एक वृध्द व्यक्ति बेसुध अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसके बाद घटना स्थल पहुंचकर देखा गया तो उसकी मौत हो चुकी थी, जिसकी पहचान नगपुरा निवासी सोहन कुशमारे के नाम से हुई है। श्री दायमा ने बताया कि मृतक के परिजनों से जानकारी मिली है कि वह 15 से 20 वर्ष से परिवार से अलग अकेला रहता था, शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही यह भी बताया कि सोहन की मौत कैसे हुई है कारण अज्ञात है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा, मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# जाते-जाते जमकर बरसा आषाढ़, झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले

## गर्मी व उमस से मिली निजात, पानी की कमी से ठप पड़े कृषि कार्यों में आयेगी तेजी





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास के अंतिम पड़ाव पर मौसम ने ऐसा करवट बदला कि पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया। आषाढ़ माह की विदाई (गुरू पूर्णिमा) से ठीक एक दिन पहले शाम के बाद करीब तीन से चार घंटे तक अनवरत हुई मुसलाधार बारिश से नगर व ग्रामीण इलाके तर-बतर हो गये। इस झमाझम बारिश ने जहां एक ओर लोगों को पिछले कुछ दिनों से सता रही भीषण उमस और गर्मी से राहत दिलाई हैं। तो वहीं दूसरी ओर पानी के इंतजार में मायूस बैठे किसानों के चेहरों पर फिर से रौनक लौटा दी है। विगत एक सप्ताह से बारिश न होने के कारण कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे थे। खेतों में पानी की कमी के चलते किसानों की चिंताएं लगातार बढ़ती जा रही थीं। लेकिन मंगलवार की शाम में हुई तीन-चार घंटे की तेज बारिश ने फसलों के लिए संजीवनी का काम किया है। चारों तरफ पानी ही पानी नजर आने से धान की रोपाई और अन्य कृषि गतिविधियों में तेजी आने की पूरी संभावना है।

### मौसम हुआ सुहावना, उमस गर्मी से मिली राहत

मंगलवार की शाम को शुरू हुई तेज बारिश का दौर देर रात तक रूक-रूक कर चलता रहा। बारिश तेज होने से नगर के निचले इलाकों और मुख्य मार्गों पर जलजमाव की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि आषाढ़ के विदा होने और श्रावण (सावन) माह के आगमन से ठीक पहले हुई इस बारिश ने पूरे माहौल को खुशनुमा और सुहावना बना दिया है। वहीं गत एक सप्ताह से क्षेत्र में बारिश नही होने से सबसे अधिक परेशान किसान नजर आ रहे थे। लेकिन वर्तमान में धान रोपाई का कार्य जारी है लेकिन तेज धुप एवं उमस गर्मी लगने के कारण पानी के अभाव में खेतों में दरारे आने लगी थी। साथ ही जिनके पास सिंचाई का साधन नही है ऐसे किसानों के रोपाई कार्य भी प्रभावित हो चुका था। लेकिन मंगलवार की शाम के बाद करीब 3 से 4 घंटे तक हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे है और अब जिन किसानों का कृषि कार्य बारिश न होने के कारण प्रभावित हो चुके थे वे सुचारू रूप से प्रारंभ हो जायेगें। साथ ही यह बारिश किसानों की फसल के लिए एक संजीवनी का काम किया है। क्षेत्रीय किसानों का मानना है कि एक सप्ताह बाद हुई बारिश से सभी किसान खुश है और समय-समय पर इसी तरह का बारिश होते रहना चाहिए ताकि किसान फसल पकाकर अधिक उत्पादन लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके।

# महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी, अंतिम तिथि 31 जुलाई

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया गत दिवस से जारी है। नवप्रवेशित छात्र-छात्राएं 31 जुलाई तक ऑनलाईन पंजीयन करवाकर प्रवेश प्राप्त कर सकते है। चर्चा में महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गत दिवस से महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है और जिन्हे उक्त कक्षाओं में प्रवेश लेना है, जिसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई है। इसलिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएँ 31 जुलाई तक अपना आनलाईन पंजीयन करवाकर प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आगे बातया कि महाविद्यालय में स्नातक कक्षा में कला संकाय जिसमें विषय राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य एवं विज्ञान, गणित संकाय में भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, गणित, जन्तुविज्ञान, प्राणीविज्ञान में पर्याप्त रिक्त सीट है जिसमें छात्र-छात्राएं आसानी से अपना प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा का अध्ययन करे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में ई-लाईब्रेरी, क्रीडा विभाग जीम, प्रेक्टिकल लैब, खेल का मैदान एवं अध्ययन हेतु महाविद्यालय में सुखद वातावरण है। समस्त नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं से महाविद्यालय में प्रवेश पाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की अपील की गई है।



# अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उडाया नगदी सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

## वारदात से व्यापारियों में आक्रोश पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से लगाई कार्यवाही की गुहार








**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में बीते कुछ समय से लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने स्थानीय निवासियों और व्यापारियों की नींद उड़ा दी है। ताजा मामला रविवार और सोमवार की दरमियानी रात का है जहाँ अज्ञात शातिर चोरों ने नगर के बीचों बीच स्थित जनता पशु आहार दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यह पूरी दुस्साहसिक घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### सरिया से तोड़े ताले, १५मिनट में वारदात को दिया अंजाम

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के नेहरू चौक से आंबेडकर चौक के मध्य विशालकाय पीपल के पेड़ के नीचे सुरेश जेठवानी द्वारा संचालित जनता पशु आहार दुकान स्थित है। संचालक प्रतिदिन की भांति रविवार की रात करीब ८.३० बजे दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। जब वे सोमवार की सुबह लगभग ७.३० बजे दुकान पहुंचे तो शटर के दोनों ताले टूटे हुए और कुंदे से अलग मिले। शटर भी जमीन से थोड़ा ऊपर उठा हुआ था। आशंका होने पर उन्होंने तत्काल घटना की सूचना पुलिस प्रशासन को दी। पुलिस की मौजूदगी में जब शटर उठाकर अंदर देखा गया तो गल्ले खुले थे जिसमें रखे करीब ६००० रूपये चिल्लर और नोट मिलाकर गायब थे।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए ४ नकाबपोश चोर

घटना के बाद जब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तो उसमें चोरी की पूरी प्रक्रिया साफ नजर आई। की रात्रि करीब २.४५ से ३ बजे के बीच ४ अज्ञात युवकों ने लोहे के सरिये रॉड की मदद से शटर के ताले तोड़े। चोरों ने शटर उठाकर अंदर प्रवेश किया गल्ले से नगदी समेटी और शटर गिराकर मौके से फरार हो गए।

### क्षेत्र में लगातार बढ़ रही हैं चोरियां

नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बीते कुछ समय से छोटी.बड़ी चोरी की वारदातों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी जा रही है। हालांकि पुलिस हर मामले में शिकायत दर्ज कर औपचारिक प्रक्रिया तो पूरी कर रही है लेकिन जमीनी स्तर पर ठोस कार्यवाही नही होने से मामले ठंडे बस्ते में जाते नजर आ रहे हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी क्षेत्र में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसमे प्रगतिशील कलार समाज भवन में चोरी, स्थित सब्जी व्यापारी के यहाँ वारदात, डोंगरगांव, महाराजपुर सहित आसपास के अन्य गांवों में असामाजिक तत्वों के द्वारा चोरी। इन तमाम मामलों में आरोपी आज भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। इन वारदातों और पुलिस के हाथ खाली रहने के कारण नगर वासियों एवं ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। लोग अब अपने सूने मकानों और दुकानों को छोड़ने से कतराने लगे हैं।

### पुलिस चोरी वाले मामले में चोरों पर कठोर कार्यवाही करें-सुरेश जेठवानी

पीड़ित सुरेश जेठवानी ने बताया कि २६ जुलाई की रात में दुकान बंद करके गया था दूसरे दिन आकर देखा तो दुकान के शटर के ताले टूटे एवं बाहर निकले हुए थे। चोरी की संभावना पर मैं थाने में सूचना दी उन्होंने आकर देख मेरा गल्ला खुला हुआ था उसमें चिल्लर और नोट करीब ६००० रुपए गायब थे। सीसीटीवी हमने देखी उसमें तीन.चार लड़के दिख रहे हैं जिनके मुंह बांधे हुए हैं और यह घटना २.४५ से ३ बजे के बीच की है। इन्होंने सरिया से ताला खोला है और कैश लेकर चले गए इसमें पुलिस की लापरवाही कह सकते हैं क्योंकि गस्त ठीक से नहीं हो रही है। ५० वर्ष की मेरी उम्र हो गई हम धंधा कर रहे हैं पहली बार चोरी हुई है और इसकी शिकायत हमने की है अभी पुलिस आई नहीं है। हम यही चाहते हैं कि पुलिस मामले में अज्ञात चोरों पर कठोर कार्यवाही करें।

# अघोषित विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे किसान-विवेक पटेल

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती और कम वोल्टेज से किसानों की सिंचाई और फसलें प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के किसान अब विभुत विभाग की कार्यप्रणाली से परेशान हो चुका है। इन सभी परेशानियों को देखते हुए किसानों ने विधायक विवेक पटेल को अघोषित विद्युत कटौती,कम वोल्टेज और विभागीय कर्मचारियों के व्यवहार से जुडी समस्याओं से अवगत कराया है। शिकायत के बाद विधायक विवेक पटेल ने भी विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर क्षेत्र की स्थिति की जानकारी दी। और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के साथ ही चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही विद्युत संबंधी परेशानियों को



दूर नहीं करेगा। तो जल्द ही किसानों के साथ मिलकर विद्युत विभाग के सामने हजारों की संख्या में घेराव करेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। विधायक विवेक पटेल ने बताया कि कई दिनों से बिना सूचना के बिजली आपूर्ति बाधित किया जा रहा है। मानसूनी बारिश की कमी,अघोषित विद्युत कटौती के कारण नलकूप और पंप समय पर नहीं चल पा रहे है। जिससे धान की नर्सरी और रोपाई का काम रुक गया है,समय पर पर्याप्त बिजली नहीं मिलने के कारण फसलें सुख गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान का डर सता रहा है। दिन के समय विभाग बिजली की कटौती ज्यादा करता है और रात में बिजली प्रदान करता है। रात के साथ जीव,जंतु और जंगली जानवर के कारण किसान कैसे रात के समय सिंचाई करेगा। वहीं उन्होंने कहा कि बार बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा करने बाद भी अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो बहुत जल्द किसानों का गुस्सा सड़को पर दिखाई देगा।

# कारगिल के जवानों की शहादत को किया याद

## महाविद्यालय में मनाया कारगिल विजय दिवस

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय की एनसीसी इकाई एवं एनएसएस के स्वयं स्वकों के द्वारा महाविद्यालय के कक्ष क्रमांक २ में कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी वीरता और अदम्य साहस को याद किया गया। आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार एवं ६ म.प्र.बटालियन एन सीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस एस गेड़ाम ने की तथा मंच का संचालन एन सी सी अधिकारी मेजर डॉ हेमन्त कुमार मण्डाले ने किया। डॉ गेडाम ने कहा कि कारगिल में धोखे से दुश्मन ने हमारी सरहद पार की थी और हमारी सेना ने अपनी बहादुरी से अपनी जमीन दुश्मन से वापस ले ली थी । लेकिन वर्तमान में भी हमे देश के चारों तरफ अपनी सरहद की सुरक्षा के लिए सतर्क रहने की आवश्यकता है और देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी हर नागरिक की है। महाविद्यालय की वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ रक्षा निकोसे ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों को बलिदान कर देने वाले हमारे वीर जवानों की शहादत व्यर्थ ना जाये इस बात का ध्यान हमारी आज की युवा पीढी को रखना होगा। एनएसएन अधिकारी कृष्णा पराते ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करना देश के सभी युवाओं की जिम्मेदारी है। कारगिल विजय दिवस के इस कार्यक्रम में उपस्तिथ कैडेट्स



कर महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को कारगिल विजय की डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। इस कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी विकास साहू भी उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम के संयोजन में अंडर अफसर कृष नेवारे, क्वार्टर मास्टर प्रफुल्ल गोटेकर, सी पी एल आयुषी राहँगडाले, सीनियर कैडेट सुरभि मिश्रा के साथ साथ ३० कैडट्स और एन एस एस के स्वयं सेवक भी उपस्तिथ रहे। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग कैडेट कृष्णा वंजारी का रहा।

# अवैध सागौन लकड़ी का परिवहन करता ट्रैक्टर जप्त

## वारासिवनी वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच की प्रारंभ





**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी वन विभाग और उड़नदस्ता दल वन वृत्त बालाघाट की संयुक्त सतर्कता से कीमती इमारती लकड़ी सागौन के अवैध परिवहन के खिलाफ एक कार्यवाही की गई है। वन विभाग की टीम ने अवैध रूप से सागौन ले जा रहे एक ट्रैक्टर को जब्त करते हुए लकड़ी मालिक के खिलाफ मध्य प्रदेश वन उपज व्यापार विनियमन अधिनियम की धाराओं के तहत वन अपराध दर्ज कर लिया है।

### गश्त के दौरान हत्थे चढ़ा ट्रैक्टर

प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता दल वन वृत्त बालाघाट के द्वारा क्षेत्र में निरंतर सघन गश्त की जा रही थी। इसी दौरान टीम ने वन विभाग के कनकी बीट के अंतर्गत बेहराई से छतेरा मार्ग पर एक ट्रैक्टर को संदेहास्पद स्थिति में सागौन की लकड़ी ले जाते देखा। टीम ने तुरंत घेराबंदी कर ट्रैक्टर को रोका और वाहन पर मौजूद लोगों से लकड़ी के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेजों की मांग की। मौके पर चालक व संबंधित व्यक्ति कोई भी वैध दस्तावेज या टीपी परिवहन अनुमति पत्र पेश नहीं कर सके। उड़नदस्ता दल ने वाहन को अपने कब्जे में लिया और इसकी सूचना तत्काल वारासिवनी वन विभाग के कनकी बीट के डिप्टी रेंजर भास्कर उके को दी। घटना स्थल की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ट्रैक्टर और जप्त सागौन को दक्षिण सामान्य वन मंडल कार्यालय वारासिवनी लाया गया। कार्यालय परिसर में की गई जांच के दौरान पॉवरटेक ट्रैक्टर मॉडल ईयूआरडी ५० को जप्त कर लकड़ी की जांच की गयी। इसमें सागौन के छोटे.बड़े ६ नग लट्ठे कुल ०.५१५ घन मीटर लकड़ी पाई गई जिसकी अनुमानित कीमत लगभग २२००० रुपये निर्धारित की गई हैं। मामले में आरोपी और लकड़ी मालिक की पहचान रितेश पिता बेदराम गर्दे उम्र ३२ वर्ष निवासी कनकी के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने दावा किया कि यह लकड़ी उसकी निजी बाड़ी की है जिसे वह कनकी से काटकर ग्राम बोट्टे ले जा रहा था। हालांकि बिना अनुमति और बिना वैध दस्तावेजों के वन उपज का परिवहन करना गैर कानूनी होने के कारण वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश वन उपज व्यापार विनियमन अधिनियम १९६९ की धारा ५ ग के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में ले लिया है।

### इनका कहना हैं

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि क्षेत्र में सागौन की लकड़ी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। मामले में आरोपी पक्ष के द्वारा अब तक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं जिसके कारण नियमानुसार अपराध दर्ज कर लिया गया है। वर्तमान में जुर्माना राशि का आकलन किया जा रहा है और संपूर्ण प्रकरण जांच में है।

**भास्कर उके**
**डिप्टी रेंजर वारासिवनी वन विभाग**

# शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में बैगलेस डे का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार बैगलेस डे के अंतर्गत शनिवार को विविध रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाला प्रमुख सविता रिनायत के नेतृत्व तथा शिक्षक रूपसिंह उइके एवं धन्नालाल बिसेन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जुलाई माह के लिए निर्धारित गतिविधि क्षेत्र आर्ट एवं क्राफ्ट के अंतर्गत छात्र छात्राओं ने मिट्टी के खिलौने बनाए, ड्राइंग एवं पेंटिंग की, अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी वस्तुएँ तैयार कीं तथा पेपर क्राफ्ट के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षक धन्नालाल बिसेन ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में १० बैगलेस डे आयोजित किए जाने का प्रावधान है। प्रत्येक माह के एक शनिवार को निर्धारित गतिविधि क्षेत्र के अनुसार विद्यार्थियों को बिना बैग के विद्यालय बुलाकर अनुभवात्मक एवं कौशल आधारित शिक्षण कराया जाता है। इससे बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, नवाचार तथा व्यावहारिक कौशल का विकास होता है। शाला में विगत वर्षों से भी नियमित रूप से बैगलेस डे का आयोजन किया जाता रहा है, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ साथ उनकी सृजनात्मक प्रतिभा भी निरंतर निखर रही है।




# सर्पदंश और अज्ञात जीव के काटने से तीन लोग बीमार

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी क्षेत्र में सांप के काटने और अज्ञात जहरीले जीव के काटने की तीन अलग अलग घटनाओं में तीन व्यक्ति बीमार हो गये। तीनों पीड़ितों को परिजनों के द्वारा तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छनेश्वरी पति गिरधारी शरणागत उम्र ४५ वर्ष सुबह लगभग १० बजे खेत में रोपाई लगाने गई थीं। दोपहर करीब २ बजे काम के दौरान अचानक एक सर्प ने उनके हाथ में काट लिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हुए और परिजनों को सूचना दी गई। दूसरी घटना में भेंडारा निवासी छेतीलाल पिता तुलसीराम दमाहे उम्र ४५ वर्ष खेत में खार खोदने का काम कर रहे थे। उसी दौरान उनके पैर में किसी जहरीले जीव ने काट लिया। पैर में अचानक तेज दर्द और जलन महसूस होने पर उन्होंने परिजनों को सूचित किया। तीसरी घटना में नागौराव पिता उडकूड डोंगरे उम्र ५० वर्ष भी सर्पदंश का शिकार हो गए। सांप के काटने के तुरंत बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी जिसके बाद परिजनों ने बिना देरी किए उन्हें अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। घटनाओं के तुरंत बाद परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों पीड़ितों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल लाकर भर्ती कराया। अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा तीनों का प्राथमिक एवं आवश्यक इलाज किया जा रहा है।



# सद्गुरु का आलोक-अज्ञान से आत्मबोध तक जीवन को प्रकाशित करने वाली दिव्य चेतना

[illegible]

# छात्र आंदोलन, पुलिस बल प्रयोग और लोकतंत्र की कसौटी-क्या शांतिपूर्ण विरोध पर लाठीचार्ज, पैलेट गन और एके-47 का इस्तेमाल संवैधानिक मर्यादाओं के अनुरूप है?

[illegible]

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

## लोकतंत्र की कसौटी पर संसद और सड़क

-कांतिलाल मांडोत

[illegible]

# परिवार परम्परा एवं बिखरते रिश्ते पर सुप्रीम कोर्ट की चिंता

[illegible]



[illegible]

-ललित गर्ग

UMESH

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** पूछपरख निकलने से मंगलवार को अनाज मंडी में चना बड़त पर रहा। अन्य दलहनों में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में सोयाबीन सुस्त पड़ा। किराना जिंसों में शक्कर बाजार मजबूत रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में पूछपरख निकलने से बाजार 50 रू. क्विंटल से बड़ गये। अन्य दलहनों में टिकाव देखा गया। खाद्य तेलों में उठाव की सुस्तता से बाजार नरमी के देखे गये। तिलहनों में सोयाबीन सुस्त पड़ा। उधर, किराना जिंसों में शक्कर बाजार सुर्खी पर रहे। खोपरा गोला मजबूत रहा। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4690-4720, खोपरा गोला 390-420, खोपरा बूरा 3200-6800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 280-285, ऊंझा हल्का 290-295, बेस्ट 315-325, हल्दी निजामाबाद 210-230, सांगली 275-280, साबूदाना हल्का 5200-5350, मीडियम 5450-5600, बेस्ट 6000-6100, सच्चा मोती 5700, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 275-350, बेस्ट 350-400, सौंफ बारिक 180-300, एक्स्ट्रा बोल्ड 350-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 750-755, मीनी मटरदाना 770-800, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1250, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 250-260, जायफल 725-750, वाद्यान फूल 405-600, शाहजीरा 350-400, तेजपान 90-100, पत्थर फूल 235-425, जावत्री 1675-1750, केसर 200-250, नाग केसर 925-975, सौंठ 325-500, धोली मूसली 1400-1600, लौंग 700-720, बेस्ट 760-790, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, सिंघाडा छोटा 100-120, बड़ा 120-130, सिंदूर (25 कि.ग्रा. पैकिंग) 7300, देशी कपूर 850-860, बेस्ट 875-900, पूजा बादाम 115-125, बेस्ट 220-230, पूजा सुपारी 425-450, अरीठा 180-200, हरी इलायची एवरेज 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बेस्ट 3150-3250, एक्ट्रा बेस्ट 3300-3500, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1800-2100, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 880-925, काजू (210) 950-1000, काजू डब्ल्यू (340) 840-870, काजू एस.डब्ल्यू (300) 800-825, काजू जे.एच. 840-870, टुकड़ी 780-820, बादाम मगज 840-870, सिंगापुरी 850-860, बादाम टांच 700-725, अखरोट 590-850, अखरोट गिरी 1250-1550, जर्दालु 375-500, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 450-600, इंडियन 400-450, चारौली 1450-1750, मुनक्का 350-550, अंजीर 850-950, मखाना 850-1200, बेस्ट 1350-1400, खारक एवरेज 75-80, मीर्डि?यम 90-130, बेस्ट 140-260, पिस्ता पिशोरी 2900-3100, कंधारी 2500-2700, नमकीन पिस्ता 1000-1150, बेस्ट 1200-1250, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 3010-3100, (160) 3500-3550, (200) 3800-3850, (250) 4100-4150,

**तेल**- सींगदाना 1730-1750, मुम्बई 1740, राजकोट तेलिया 2700, सोया साल्वेंट 1405-1410, सोया रिफाइंड 1455-1460, कपास्या 1600-1610, धूलिया 1620, कड़ी 1620,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1700, मुम्बई पाम 1495, मुम्बई सोया 1510,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2690, देवास-उज्जैन 2690, खंडवा-बुरहानपुर 2660, अकोला 3950 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 8100-8300, रायडा 7100-7200, सोयाबीन 7000, टोली (महुआ बीज) 5300-5500, करंज 4400-4500, अलसी 8500-9000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6500-6550, एवरेज 6200-6300, विशाल 6350-6450, महाराष्ट्र विशाल 5900-5950, काबूली चना डॉलर 7000-8300, काबूली चना रशियन 5600-5800, बिटकी 5200-5300, मसूर बेस्ट 6000, एवरेज 5900, मूंग गर्मी बेस्ट नया 7100-7200, मूंग पुराना बोल्ड 7400-7500, मीडियम 7000-7300, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7200-7400, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, महाराष्ट्र सफेद 7400-7500, महाराष्ट्र लाल 7700-7900, उड़द बेस्ट 9300-9500, उड़द गर्मी 8600-9300, ग्रेविटी क्लीन 9700-10000, हल्की 5000-7000,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7400-7500, मीर्डि?यम 7600-7700, बोल्ड 7900-8100, तुअर दाल सवा नं. 8200-8400, तुअर दाल 7300-7600, तुअर दाल मीडियम 8500-8800, बेस्ट 9900-10200, मसूर दाल 6800-7100, मूंग दाल 8700-8900, मूंग मोगर 10100-10600, उड़द दाल 9900-10300, मोगर 10800-11000,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2500-2550, लोकवन एवरेज 2550-2650, बेस्ट 2750-2800, मालवराज 2600-2650, गेहूँ पूर्णा एवरेज 2400-2550, बेस्ट 2650-2750, मक्का पीली 1975-2000,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3100, सेला 3500-3700, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7500, काली मुंछ डिनर किंग 9000, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 5000-7000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4500-5100,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 275 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर। एजेंसी।** मंगलवार को सुस्त उठाव के बीच स्थानीय सराफा बाजार में दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार मंदी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चाँदी (9999) 219500, चाँदी (99) 219400, टंच 218600, सिक्का 2600, सोना 10 ग्राम 141000,

# रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई। एजेसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ ही 95.78 पर बंद हुआ। आज सुबह रुपया शुरुआती कारोबार में 35 पैसे की बढ़त के साथ ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.64 पर पहुंच गया। वहीं विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से भी भारतीय रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.75 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में डॉलर के मुकाबले 95.64 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 35 पैसे की बढ़त दिखाता है। वहीं रुपया सोमवार को 54 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.99 पर बंद हुआ था। इससे पहले शुक्रवार को भी इसमें 20 पैसे की मजबूती आई थी।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 69.86 अंक, निफ्टी 50 अंक गिरा

**मुंबई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 69.86 अंक नीचे आकर 76,765.92 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 50 अंक फिसलकर 23,985.35 पर बंद हुआ। आज मिडकैप और स्मॉलकैप क्षेत्र में मिश्रित रुख देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स में बढ़त दर्ज की गई, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में गिरावट रही। अन्य क्षेत्रों का प्रदर्शन भी मिला-जुला रहा, जिसमें निफ्टी आईटी बढ़त के साथ शीर्ष पर रहा, इसके बाद निफ्टी रियल्टी और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में भी बढ़त रही। निफ्टी ऑटो भी बढ़त के साथ बंद हुआ,




जबकि निफ्टी फार्मा में तेजी रही। निफ्टी एनर्जी के शेयरों में गिरावट रही। निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी पीएसयू बैंक के अलव मेटल शेयर भी गिरे जबकि निफ्टी बैंक के शेयरों में गिरावट रही। । निफ्टी इंफ्रा, निफ्टी प्राइवेट बैंक और निफ्टी मीडिया के शेयर नीचे आये।

निफ्टी में आज टीसीएस के शेयर उछले जबकि टेक महिंद्रा के अलावा नेस्ले इंडिया, सिप्ला , टाइटन और इंफोसिस भी ऊपर आये। वहीं, पहली तिमाही के परिणामों के बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, जिसके शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (बीईएल) , कोल इंडिया और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर भी गिरे। पिछले सत्र में जोरदार बढ़त के बाद मुनाफावसूली के कारण शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई, क्योंकि मध्य पूर्व संघर्ष को लेकर अनिश्चितताएं बाजार पर दबाव बना रहीं थीं।

# सरकार और आरबीआई की मुहर, अब प्लास्टिक के होंगे 10 और 20 के नोट

**नई दिल्ली। एजेंसी।** भारतीय करेंसी ने पिछले एक दशक में कई बड़े बदलाव देखे हैं, नोटबंदी से लेकर 2000 के नोटों की वापसी तक। अब इसी कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) और केंद्र सरकार ने 10 और 20 रुपये के नोटों को कागज की बजाय प्लास्टिक (पॉलिमर) में छापने पर सहमति जता दी है। यह कदम नोटों की जीवन अवधि बढ़ाने, उन्हें साफ रखने और बेहतर सुरक्षा फीचर्स से लैस करने की दिशा में देखा जा रहा है, क्योंकि प्लास्टिक के नोट कागज के मुकाबले ज्यादा टिकाऊ होते हैं। आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट, 1934 की धारा 25 के तहत एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था, जिसमें 10 और 20 रुपये के 1 अरब पॉलिमर नोट ट्रायल बेसिस पर छापने का सुझाव दिया गया था। सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो भविष्य में इन्हीं प्लास्टिक नोटों को चलन में रखा जा सकता है, जिससे बार-बार नोट छापने की लागत और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कम किया जा सकेगा। भले ही करेंसी नोटों को जारी करने का अधिकार आरबीआई के पास होता है, लेकिन वह अपनी मर्जी से जितने चाहे नोट नहीं छाप सकता। इसके लिए आरबीआई का केंद्रीय बोर्ड पहले नोट छापने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजता है और सरकार की मंजूरी मिलने के बाद ही उस पर अमल किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करता है कि देश की मुद्रा प्रणाली में कोई भी बड़ा बदलाव सरकार और केंद्रीय बैंक के बीच पूर्ण सहमति और समन्वय से हो।

# 1 अगस्त से बदलेंगे कई नियम-आपकी जेब और रोजमर्रा पर पड़ेगा सीधा असर

**नई दिल्ली। एजेंसी।** जुलाई का महीना खत्म होने को है, और 1 अगस्त से देशभर में कई बड़े वित्तीय बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इन नियमों का सीधा असर आम लोगों की जेब, बचत और रोजमर्रा के खर्चों पर पड़ सकता है। बैंकिंग से लेकर रेलवे टिकट बुकिंग, एलपीजी सिलेंडर की कीमतें और इनकम टैक्स जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नए प्रावधान लागू होंगे। बिना किसी परेशानी के नए महीने की शुरुआत के लिए इन बदलावों की जानकारी होना बेहद जरूरी है। रेलवे टिकट बुकिंग में सुधार- 1 अगस्त से रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग के प्रोसेस में बदलाव किया है। अब यात्रियों को तत्काल टिकट बुक करने के लिए टोकन लेने और फिर बुकिंग के लिए अलग-अलग समय पर काउंटर पर जाने की जरूरत नहीं होगी। नए नियमों के तहत टोकन देने का समय तत्काल टिकट बुकिंग शुरू होने के समय के साथ ही रखा गया है। इससे रिजर्वेशन काउंटर पर भीड़ कम होगी और यात्रियों के लिए टिकट बुकिंग प्रक्रिया पहले से ज्यादा आसान और तेज हो जाएगी। इनकम टैक्स और बैंकिंग क्षेत्र में बदलाव- जिन व्यक्तियों ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-2 फॉर्म भरने की 31 जुलाई 2026 की डेडलाइन मिस कर दी है, उन्हें अब जुर्माना भरना पड़ेगा. साथ ही, देरी से रिटर्न दाखिल करने पर कुछ खास टैक्स रिजीम चुनने पर रोक लग सकती है. दूसरी ओर, बैंकिंग क्षेत्र में भी बदलाव संभावित हैं; 1 अगस्त से कई बैंक अपने क्रेडिट कार्ड के नियमों (जैसे रिवॉर्ड पॉइंट्स और शुल्क) में संशोधन कर सकते हैं। फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में भी परिवर्तन हो सकता है, खासकर यदि आरबीआई की मॉनिटरी पॉलिसी बैठक में कोई फैसला आता है। एलपीजी की कीमतें और आधार से जुड़ा नया नियम- हर महीने की पहली तारीख की तरह, 1 अगस्त 2026 को घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की नई कीमतें जारी हो सकती हैं. कीमतों में बढ़ोतरी होने पर रसोई का बजट प्रभावित होगा, वहीं कमी आने पर उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, 1 अगस्त से आधार कार्ड से जुड़ा एक महत्वपूर्ण नियम भी बदल रहा है।




**मेष**- आज का दिन खर्चों पर काबू रखने की चुनौती देगा। नौकरी और पैसों के मामलों में व्यस्तता रहेगी और कुछ अनचाहे खर्चों को मजबूरी में उठाना पड़ सकता है। संतान की सेहत चिंता का कारण बन सकती है और पारिवारिक मामले भी मन को बेचैन करेंगे। घूमते-फिरते किसी महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंचना संभव है और बिजनेस में बदलाव आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। किसी भी समस्या को विवाद के बजाय बातचीत से सुलझाने की कोशिश करें। जरूरी सामान खुद संभालकर रखें, क्योंकि उसके खोने या चोरी होने की आशंका है।

**वृषभ**- आज आपके मन में किसी काम को लेकर हलचल बनी रहेगी। मेहनत पर भरोसा रखकर आगे बढ़ें। सामाजिक गतिविधियों में रुचि रहेगी और गुस्से को कंट्रोल करना जरूरी होगा। अनजान लोगों से दूरी बनाकर चलें। बिजनेस में समस्या आए तो पार्टनर से खुलकर बात करें, तभी काम सुचारू रूप से आगे बढ़ पाएगा। पुरानी नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी न होने दें। इससे मनोबल कमजोर होगा और संबंधों पर भी असर प?ेगा।

**मिथुन**- आज दिन व्यस्तता और काम के दबाव से भरा रहेगा। जरूरी काम कल पर टालने से बचें। पारिवारिक मामलों को बैठकर निपटाना बेहतर रहेगा। जीवनसाथी के साथ नए काम की शुरुआत आपके लिए उत्साहजनक होगी। मन में किसी बात की परेशानी है तो पिताजी से साझा करें। रुका काम पूरा होने की संभावना है। आस-पड़ोस में बिना मांगे सलाह देने से बचें।

**कर्क**- आज जिम्मेदारी का दिन है। नए प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा और निवेश में लाभ संभव है। खान-पान में सुधार करें और लापरवाही से बचें। मन की इच्छाओं की पूर्ति खुशी देगी। वैवाहिक जीवन में संतुलन रहेगा और काम की भाग-दौड़ बनी रहेगी। थोड़ी सी लापरवाही परीक्षा के नतीजों पर असर डाल सकती है।

**सिंह**- आज चुनौती भरा दिन है। दोस्तों और परिवार का पूरा साथ मिलेगा। दूसरों के मामलों में बेवजह बोलने से बचें। आध्यात्मिक रुचि बढ़ेगी और लंबी दूरी की यात्रा का योग बन सकता है। काम समय पर निपटाना आवश्यक है। दूर रहे परिजन याद आएंगे और विद्यार्थी नौकरी से जुड़े कोर्स की तैयारी कर सकते हैं। दूसरों के मामलों में न पड़ें, वरना बेवजह परेशानी में फंस सकते हैं। आत्मविश्वास बनाए रखें। समस्या आने पर घर के अनुभवी लोगों की सलाह लें।

**कन्या**- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरतों के लिए लाभकारी रहेगा। मान-सम्मान में वृद्धि और आर्थिक सफलता मिलने की संभावना है। नौकरी के लिए अच्छा ऑफर मिल सकता है। माता-पिता से संपत्ति को लेकर वाद-विवाद हो सकता है। वाणी पर संयम रखें और यात्रा से लाभ मिल सकता है। जरूरत से ज्यादा अपने बारे में सोचने का गलत असर निजी और पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है।

**तुला**- आज मिश्रित परिणाम मिलेंगे। ईर्ष्या-द्वेष से बचें और दबाई गई शारीरिक समस्या को नजरअंदाज न करें। सगे संबंधियों से मिलने का मौका मिलेगा। जीवनसाथी से चल रही अनबन दूर होगी और दोनों मिलकर कहीं घूमने भी जा सकते हैं। युवा किसी समस्या के कारण नकारात्मक विचारों को खुद पर हावी न होने दें। लेनदेन में लापरवाही न करें।

**वृश्चिक**- आज भाग्य आपका साथ देगा। मेहनत का फल मिलेगा और इन्कम बढ़ाने के स्रोतों पर ध्यान देना लाभदायक रहेगा। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में सफलता मिल सकती है। अनबन बातचीत से दूर होगी। भाई-बहनों से सहयोग मिलेगा और मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। हस्ताक्षर और कागजी काम करते समय सावधानी रखें। आर्थिक गतिविधियां फिलहाल धीमी रहेंगी। कुछ मामलों में स्वाभिमान आपकी तरक्की में रुकावट बन सकता है।

**धनु**- आज दिन अनुकूल रहेगा। धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होंगे। राजनीति में काम कर रहे लोगों को ज्यादा उत्साहित न होना चाहिए। रहन-सहन सुधारने की कोशिश करेंगे और खान-पान में नई चीजें शामिल कर सकते हैं। कामों में बदलाव न करें और पुरानी कड़वाहट को बातचीत से दूर करने का प्रयास करें।

**मकर**- आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। नए काम की शुरुआत सोच सकते हैं। अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखें। निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। साझेदारी में नया काम शुरू हो सकता है। साथी के साथ रोमांटिक समय व्यतीत होगा। पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**कुंभ**- आज का दिन खास रहेगा। दांपत्य जीवन में तालमेल बनाए रखें। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। विरोधी काम में बाधा डालेंगे, लेकिन सफलता आपके कदम चूमेगी। संतान पर ध्यान दें। घूमने जाने की योजना बन सकती है। नौकरी में समस्या हो तो नए विकल्प पर विचार कर सकते हैं।

**मीन**- आज आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। जीवनसाथी के लिए गिफ्ट लाने का मौका मिलेगा। माता-पिता की सेवा में समय निकालेंगे। कार्यक्षेत्र की समस्या को लेकर बॉस से बातचीत करने से रिश्ते मजबूत होंगे। वाहन सावधानी से चलाएं। बिजनेस को विस्तार देने के प्रयास में रहेंगे।

## शब्दजाल - 8334

*शब्दजाल में दस फूलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मु | हु | मे | रि | दु | च | मे | ली | च | ट | र्जी |
| मो | खु | क | च | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| ग | पी | जा | म्पा | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| रा | ग | ए | रा | ह | जा | रा | ल | ह | गु | प्रे |
| गु | ल | मो | ह | र | ह | ला | कि | यो | ला | प |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | ब | न |
| न | र | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | क्ति |
| क | रि | ज | र | य | र | क | म | ल | वि | रे |
| र | या | बा | नी | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | गं | व | शि | के | त | की | ल |
| बां | स | प | ज | न | धा | घ | गु | ड़ | ह | ल |

कमल,गुलाब,मोगरा,चमेली,चम्पा,हजारा, रजनीगंधा,केतकी,गुड़हल,गुलमोहर

## शब्दजाल - 8333 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गं | रा | जें | द्र | कु | मा | मो. | वा | ज | के. | यी |
| द | कि | ल | प्रे | व | जी | र | द | ह | ए | रा |
| वि | स | शो | म | त | ह | फी | म | ल | ल. | म |
| मि | स | स | र | दि | ल | ज | ध | क | स | दु |
| म | आ | चि | ग | कु | ज | त | तू | प | ह | प |
| हें | ल | न | र | दि | मा | उ | म | व | ग | मु |
| द्र | व | दे | फ्यू | जी | प | र | ज | ह | ल | के |
| क | एं | व | ई | द | ब | ई | डू | ए | मू | श |
| पू | ड | ब | फू | आ | शा | भो | स | ले | शी | द |
| र | गॉ | र्म | प | ल | ता | मं | गे | श | क | र |
| वि | ज | न | म | न्ना | डे | डि | त | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7278



**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

## फिल्म वर्ग पहेली- 7277

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ता | | गे | श | नी | | धू | म |
| क्स | | क | सौ | टी | | ल | ज्जा | | स्त |
| | अं | त | | क | स | म | | भा | |
| जो | श | | कं | प | नी | | आ | र | जू |
| रू | | दि | | ड़ | | जी | न | त | |
| का | ज | ल | | औ | र | त | | | पा |
| गु | | ज | रू | र | त | | पा | ल | की |
| ला | ड़ | ला | | म | न | | य | | जा |
| म | | | शा | का | | जा | ल | | |
| | फ | र | दी | न | खा | न | | फि | दा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**29 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 06.56 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कन्या | 09.08 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 11.18 बजे से |
| बुध | मिथुन में | वृश्चिक | 13.33 ब.से |
| गुरु | कर्क में | धनु | 15.49 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 17.54 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 19.41 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 21.14 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 22.44 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 00.24 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मिथुन | 02.22 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 04.36 बजे से |

**बुधवार** 2026 वर्ष का 210 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पूर्णिमा 20.06 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 15.37 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 23.58 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 07.15 बजे तदनन्तर बव 20.06 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 14.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 47'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872785
**जूलियन दिन** 2461250.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** सफर **तारीख** 14
**विशेष** व्यास पूजा, गुरु पूर्णिमा।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक | |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक | |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक | |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक | |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक | |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक | |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः मीठी बोली

मधुप नामक एक व्यक्ति शहद बेचा करता था। उससे कोई शहद खरीदे या नहीं पर वह सभी से बड़े प्रेम से और मधुर वाणी में बात करता था। उसके स्वर में इतनी मिठास थी कि कई बार लोग उसकी बोली से ही प्रभावित होकर शहद खरीद लेते थे। इस प्रकार उसकी दिन-दूनी, रात चौगुनी तरक्की होती जा रही थी। कुछ ही समय में वह इतना संपन्न हो गया कि उसने अपनी एक दुकान खोल ली। दुकान खोलने पर भी उसका व्यवहार पहले की तरह मधुर बना रहा। उसके साथ वाली दुकान पर एक व्यक्ति फल बेचा करता था। मधुप के आने के बाद उसे ऐसा महसूस होने लगा कि उसके व्यापार में घाटा हो रहा है। वह मधुप से ईर्ष्या करने लगा। उसने मधुप को सबक सिखाने का निश्चय किया। उसने भी फलों के बजाय शहद बेचना आरंभ कर दिया। फिर भी सभी ग्राहक मधुप की दुकान पर ही जाते और उसकी दुकान पर केवल मक्खियां भिनभिनाती रहतीं। यह देखकर वह चिड़चिड़ा रहने लगा। उसकी इस स्थिति से उसकी पत्नी बहुत दुखी रहती थी। एक दिन उसने अपने पति को समझाया, 'तुमने मधुप की देखादेखी शहद तो रखना शुरू कर दिया मगर उसके जैसी मिठास अपनी बोली में क्यों नहीं डाली? यदि वाणी मधुर न हो तो अच्छे से अच्छा व्यवसाय भी ठप हो जाता है। व्यवसाय क्या, जीवन के हर क्षेत्र में व्यक्ति असफल हो जाता है। तुम अपना पुराना फलों का व्यापार ही करो। बस अपने अंदर परिवर्तन लाओ। अपनी कर्कश वाणी को तिलांजलि देकर मधुर वाणी से नाता जोड़ो, तुम्हारा व्यापार भी आगे बढ़ेगा और तुम्हारी किसी से दुश्मनी भी नहीं होगी।' पत्नी की बात दुकानदार की समझ में आ गई। अगले ही दिन से उसने अपना पुराना कारोबार शुरू कर दिया और अपनी बोली में मिठास डाली। उसके फलों की बिक्री तेजी से होने लगी। इस बीच उसकी मधुप से भी दोस्ती हो गई। उसका व्यवसाय भी मधुप के कारोबार की तरह आगे बढ़ने लगा।

## सूडोकु नवताल- 7587

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7586 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## शब्द पहेली - 8802



**बाएँ से दाएँ**

1. लालसा, मांग-3
3. मोटरगाड़ी-4
6. दरवाजे पर दी गई थाप-3
7. मां की माता-2
8. पार्थिव देह-2
10. संजय दत्त, जैकी श्रॉफ, माधुरी की फिल्म-5
12. स्वदेश, जन्मभूमि-3
15. पाबंदी, रोक-3
17. आश्चर्यचकित होना-5
20. नासिका-2
22. आनेवाला दिन-2
23. समतल-3
24. शमशीर, कृपाण -4
25. फिजूल, व्यर्थ-3

**ऊपर से नीचे**

2. दुर्जन, बेइमान-5
3. जिसके सिर पर बल न हो, गंजा-3
4. साहूकार, व्यापारी-4
5. जांच, परीक्षण-3
7. मां के पिता-2
9. लाश-2
11. तरुणी, किशोरी-3
13. कार्यविधि-3
14. बेइज्जत होना-2-3
15. हाथी साधने वाला -4
16. मेहंदी-2
18. ताकत, जोर-2
19. अभिनेत्री-3
21. कमी-3

**शब्द पहेली -8801 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | ब | र | दि | गा | र | | |
| | च | | ह | | ड़ी | | अ | |
| आ | ना | | मा | ल | वा | | दा | म |
| रा | | म | न | | न | ल | | न |
| म | हीं | न | | | | ल | की | र |
| दे | | न | स | | ह | क | | ख |
| ह | त्या | | र | न | र | | का | ना |
| | ग | | ह | | द | | फि | |
| | | ब | द | ना | म | क | र | ना |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# नगर व क्षेत्र में आज धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व

पद्मेश न्यूज। लांजी। भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के प्रतीक पवित्र पर्व गुरु पूर्णिमा को लेकर लांजी नगर व क्षेत्र में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व इस वर्ष 29 जुलाई, बुधवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। नगर व क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों, मंदिरों, मठों और आश्रमों में इस अवसर पर विशेष आयोजन किए जाएंगे, जिसमें शिष्य अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे और उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

## गुरु पूर्णिमा की तिथि और शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि मंगलवार, 28 जुलाई को शाम 6:18 बजे आरंभ हुई और बुधवार, 29 जुलाई को रात्रि 8:05 बजे समाप्त होगी। सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि विद्यमान रहने के कारण पर्व 29 जुलाई को ही मनाया जाएगा। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:17 से 4:59 बजे तक स्नान-दान के लिए विशेष शुभ माना गया है। अमृत काल 8:34 से 10:20 बजे तथा गोधूलि मुहूर्त शाम 7:14 से 7:35 बजे तक रहेगा। पूजा-अर्चना प्रात: 5:41 से 9:05 बजे तक तथा दिनभर पूर्णिमा तिथि के दौरान की जा सकती है।

## नगर में उत्साह का माहौल

लांजी नगर व क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों, मठों और आश्रमों में गुरु पूर्णिमा के लिए तैयारियां की गई हैं। स्थानीय मंदिरों में गायत्री शक्तिपीठ



और कोटेश्वर महादेव मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर घोटी घुसमारा मंदिर में महर्षि वेदव्यास की पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस पर्व को व्यास पूर्णिमा के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, जिन्हें आदि गुरु माना जाता है। उन्होंने वेदों का विभाजन, महाभारत और अठारह पुराणों की रचना कर सनातन धर्म को अमूल्य धरोहर प्रदान की।

## विद्यालयों में विशेष आयोजन

नगर व क्षेत्र के विद्यालयों में भी गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। स्कूलों में शिक्षकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें छात्र अपने गुरुओं को उपहार, फूल, और कार्ड भेंट करेंगे। कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता पाठ, और गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। शिक्षक इस अवसर पर छात्रों को जीवन में ज्ञान, नैतिकता, और अनुशासन के महत्व के बारे में प्रेरणादायक संदेश देंगे। गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें यह सिखाता है कि गुरु के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षक न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। इस दिन बच्चे अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जो इस परंपरा को और मजबूत करता है।

## धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व

गुरु पूर्णिमा का पर्व केवल हिंदू धर्म तक सीमित नहीं है। बौद्ध धर्म में इस दिन को भगवान बुद्ध के पहले उपदेश के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो उन्होंने सारनाथ में दिया था। जैन धर्म में भगवान महावीर और उनके शिष्य गौतम स्वामी के प्रति सम्मान प्रकट किया जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान-पुण्य, और व्रत का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन किए गए दान और पूजा से साधक को आध्यात्मिक उन्नति और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

# 18 घंटे बाद सोन नदी के भैंसा टोला घाट के समीप चट्टानों में फंसा मिला सचिव सीताराम घोरमारे का शव

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** भारी वर्षा के बीच एक दुखद और हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जिसमें ग्राम पंचायत रानककोड़ी के सचिव सीताराम घोरमारे उम्र लगभग 59 वर्ष की पानी के तेज बहाव में बहकर मृत्यु हो गई। घटना 27 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 3:30 से 4:00 बजे के बीच तब हुई, जब वे ड्यूटी के बाद अपने गृह ग्राम कोसमारा लौट रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार, पीपलगांव और कोसमारा के बीच बह रहे नाले का जलस्तर अचानक उफान पर था।



प्राथमिक जानकारी के मुताबिक सचिव ने मोटरसाइकिल से नाला पार करने का प्रयत्न किया, लेकिन अचानक आयी तेज धार से उनका संतुलन बिगड़ गया और वे वाहन सहित बह गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचित किया एवं खोजबीन प्रारंभ की। स्थानीय प्रशासन, पुलिस तथा रेस्क्यू टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं और तलाशी अभियान तेज किया। कई घंटों की खोजबीन के बाद उनका शव अगले



दिन मंगलवार को 11 बजे रानककोड़ी के पास सोन नदी के भैंसा टोला (मुहान) क्षेत्र के निकट बरामद किया गया । जो दुर्घटना स्थल से कई किलोमीटर दूर पत्थरों की चट्टान में फंसा मिला। पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर भेजा गया। जहां डॉक्टर द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। जिनका शाम 5 बजे ग्राम कोसमारा के मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। घटना से रानककोड़ी पंचायत, कोसमारा ग्राम और आस-पास के गांवों में गहरा शोक व्याप्त है। पंचायत और स्थानीय समुदाय ने मृतक के प्रति शोक व्यक्त करते हुए परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है। ग्रामीणों ने कहा कि सीताराम घोरमारे सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे, निजी और सार्वजनिक दोनों कार्यों में सक्रिय और जिम्मेदार पात्र रहे। विधायक राजकुमार कर्राहे शोक संतप्त परिवार से मिलने घटनास्थल पहुंचे और मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता व मुआवजे की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया, और आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

# लोकसभा में हंगामा, कांग्रेस नेता गोगोई ने पीएम मोदी के रील्स प्रेम पर कसा तंज

नई दिल्ली। लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर केंद्र सरकार का पक्ष केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रखा, इसके बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने विपक्ष की ओर से अपनी बात रखी। देश में हो रहे पेपर लीक और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों के बीच, गोगोई ने केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और सार्थक सुधार लाने के प्रति गंभीर न होने का आरोप लगाया।

उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का बीजेपी द्वारा किए गए स्वागत की आलोचना कर कहा कि ऐसा लग रहा था मानो वे पाकिस्तान के साथ युद्ध जीतकर लौटकर आए हो। कांग्रेस नेता गोगोई ने दावा किया कि प्रस्तावित कानून पेपर लीक माफिया को रोकने में प्रभावी साबित नहीं होगा। उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एलटीए) के कामकाज पर गंभीर चिंता व्यक्त की और उसके अधिकारियों की संख्या पर सवाल उठा दिए। कांग्रेस सांसद गोगोई ने पूछा कि अगर एनटीए में 34 अधिकारियों की स्वीकृत संख्या है, तब 47 अधिकारियों को कैसे हटाया जा सकता है, और इस पर केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की।

कांग्रेस सांसद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधकर आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी छात्रों की चिंताओं को दूर करने के बजाय इंस्टाग्राम रील्स पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि मोदी सरकार को सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार पर केंद्रित रहने के बजाय शिक्षा प्रणाली में वास्तविक सुधारों को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि यह छात्रों के भविष्य का सवाल है।

इसके पहले, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने विधेयक की शुरुआत कर कहा था कि यह प्रस्तावित कानून 2024 में बने पेपर लीक-रोधी कानून को और मजबूत बनाता है और स्वतंत्र भारत में अपनी तरह का पहला कानून है। उन्होंने छात्रों के हितों की रक्षा करने और सार्वजनिक परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करने के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता बताया। केंद्रीय मंत्री सिंह ने बताया कि यह विधेयक प्रधानमंत्री मोदी के उस संकल्प को दिखाता है कि भारत माता के बच्चों के भविष्य के साथ किसी को खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने इस विधेयक को भारतीय संसद के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होने वाला कानून करार दिया।

# दुकानों के सामने प्रस्तावित टीन शेड निर्माण का व्यापारियों ने किया विरोध, व्यापारी संघ को सौंपा ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** जनपद पंचायत कॉम्प्लेक्स, बालाघाट रोड स्थित दुकानों के किरायेदार एवं व्यापारियों ने अपनी आजीविका पर संकट की आशंका जताते हुए दुकानों के सामने प्रस्तावित पक्के टीन शेड निर्माण का विरोध किया है। व्यापारियों ने इस संबंध में व्यापारी संघ लांजी के अध्यक्ष को आवेदन सौंपकर विधायक निधि से प्रस्तावित निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने की मांग की है। आवेदन में व्यापारियों ने बताया कि वे वर्षों से जनपद पंचायत द्वारा निर्मित कॉम्प्लेक्स की दुकानों में व्यापार कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उन्हें जानकारी मिली है कि दुकानों के सामने स्थित मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना स्थल के समीप लगभग 40म50 फीट क्षेत्र में विधायक निधि से पक्का टीन शेड बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए 18 जुलाई 2026 को स्थल का सीमांकन एवं नाप-जोख भी की जा चुकी है तथा शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होने की संभावना है। व्यापारियों का कहना है कि यदि दुकानों के ठीक सामने स्थायी शेड का निर्माण हो



जाता है तो उनकी दुकानें पूरी तरह ओझल हो जाएंगी। इससे ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होगी और व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उनका कहना है कि पहले से ही बाजार की परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, ऐसे में यदि दुकानें शेड के पीछे छिप जाएंगी तो उनके सामने आर्थिक संकट गहरा सकता है। आवेदन में व्यापारी संघ से आग्रह किया गया है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाने की पहल करे, ताकि व्यापारियों की आजीविका सुरक्षित रह सके।

# पब्लिक एग्जामिनेशंस ( प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स ) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान विपक्ष के सांसदों ने जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज और पैलेट गन का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा, कहा... प्रधान को हटाकर प्रधानमंत्री को बचा लिया

नई दिल्ली । लोकसभा में मंगलवार को पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) संशोधन विधेयक, 2026 पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। विपक्ष ने चर्चा के दौरान जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज और पैलेट गन का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा। इस दौरान सपा प्रमुख और कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के मद्देनजर उन्होंने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि मंत्री जी इस्तीफे के बाद संसद आए तो उनका जोरदार स्वागत हुआ। उनके स्वागत से हमें कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन माननीय सदस्य को कितनी राहत मिली होगी कि कितने बड़े संकट से बचा लिया। उन्होंने कितने बड़े संकट से बचा लिया। एक प्रधान को हटाकर आपने प्रधानमंत्री जी को बचा लिया। ऐसा आंदोलन किसी ने नहीं देखा। वहीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। संसद में प्रियंका गांधी ने कहा कि बच्चों पर लाठियां किसके आदेश पर चलाए गए, यह सवाल पूरा देश पूछ रहा है, अध्यापक, छात्र, माता-पिता पूछ रहे हैं सिर्फ कांग्रेस नहीं पूछ रही है। ये सदन सांसदों की जागीर नहीं है। मंगलवार को संसद में प्रियंका गांधी ने अपने संबोधन की शुरुआत एक घटना से की। जब मैं एक घायल छात्रा से मिलने गए, तो उसकी मां बोली- सुबह से बड़े-बड़े नेता आए। वह भी आए जिनकी वजह से बेटी का यह हाल हुआ। मैं सरकार से पूछना चाहती हूं- क्या जरूरत थी, बच्ची पर ज्यादती करने की। देश के युवाओं पर पैलेट गन चलवाने की क्या जरूरत थी।

## छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार

प्रियंका गांधी वाड्रा ने छात्र प्रदर्शनकारियों के खिलाफ की गई पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया। प्रियंका गांधी ने पूछा कि छात्रों पर आंसू गैस के गोले क्यों छोड़े गए और लाठीचार्ज क्यों किया गया। क्या छात्रों के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है? उन्होंने युवा महिला प्रदर्शनकारियों के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर भी नाराजगी जताई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांगा।

## प्रियंका का प्रह्लाद जोशी पर कमेंट, हंगामा

प्रियंका ने कहा कि एक ऐसे व्यक्ति को शिक्षामंत्री बनाया जिसने गर्भवती महिला के बलात्कारियों की रिहाई पर सहमति व्यक्त की। इसके बाद सत्ता पक्ष ने हंगामा किया। रिजिजू निशिकांत दुबे और जोशी ने विरोध किया और कहा कि पहले प्रियंका इस बात का सबूत दें और माफी मांगे। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि प्रियंका जी को अपने बयानों का सबूत देना चाहिए। इस अफवाह के संबंध में कार्रवाई की जानी चाहिए। क्या कोई कुछ भी कह सकता है और इससे बच सकता है? रिजिजू ने कहा कि प्रियंका ने शिक्षा मंत्री पर जो टिप्पणी की वह चरित्र हनन है। इस तरह की भाषा का इस्तेमाल न करें। वह सीनियर लीडर हैं उन्हें जिम्मेदारी के साथ बोलना चाहिए।

## वन इंडिया, वन एग्जाम की नीति पर मत जाइए: मारन

छरूय सांसद दयानिधि मारन ने कहा, आज प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टरों ने कभी नीट नहीं दिया, फिर भी वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों में गिने जाते हैं। नीट लागू होने के बाद ऐसा कौन-सा बड़ा सकारात्मक बदलाव आया है, जो पहले नहीं था? पहले भी नीट परीक्षा भी पेपर लीक के कारण रद्द करनी पड़ी थी। नीट जरूरी नहीं है। वन इंडिया, वन एग्जाम की नीति पर मत जाइए। हम भारत का हिस्सा हैं, लेकिन उस तरीके से नहीं, जैसा आप हमें बनाना चाहते हैं। केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद भी दिया कि विधेयक हिंदी या संस्कृत के बजाय अंग्रेजी में पेश किया गया।

## गवर्नेंस फेल हो, तो कानून बदल दो: अभिषेक

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि सही परीक्षा हर छात्र का अधिकार है। ये सरकार इस चीज की मास्टर है। जब संस्थाएं फेल होती हैं, तो कमेटी अनाउंस कर दो। गवर्नेंस फेल हो, तो कानून बदल दो।' इतना ही कहते सत्ता के पक्ष के सांसद हंगामा करने लगे। महुआ मोइत्रा अपनी सीट पर खड़ी हो गईं। कहा कि ये नहीं चाहते कि सदन चले। आप इनको बैठाइए। हंगामे पर अभिषेक बनर्जी ने कहा ट्रेजरी बेंच नहीं चाहता कि सही से बहस हो। अभिषेक ने कहा कि न्यू इंडिया में इतने पेपर लीक क्यों। हर बार पेपर का नाम बदल जाता है। पेपर लीक पैटर्न बन गया है। सरकार हर मोर्चे पर फेल हुई है। पेपर के परिवहन के लिए एयरफोर्स को लगाना पड़ रहा है।

## आरएसएस के लिए शिक्षा विभाग अहम: गोगोई

गौरव गोगोई ने कहा कि डीयू, आईआईटी, जेएनयू ने अपने स्टूडेंट्स से कहा वे छात्रों के प्रदर्शन में नहीं जाएं। क्या ऐसे हम आने वाले भारत का निर्माण करेंगे। गौरव ने कहा कि राहुल गांधी ने बार-बार कहा कि प्रधान सिर्फ एक मुखौटा हैं। उनके हटने से शिक्षा में सुधार आएगा, इसका विश्वास न हमें है, न बच्चों को। बच्चे क्या करें। उनके पास पैसे नहीं है कि 30-30 लाख में कैसे खरीद सकें। वे नाराज हैं। जब वे लड़ नहीं पाते तो आत्महत्या कर लेतें हैं। दरअसल, आरएसएस के लिए शिक्षा विभाग अहम बन गया है।

## एरबिल के पास संदिग्ध ड्रोन हमला, कई स्थानों पर लगी आग

बगदाद। इराक के उत्तरी क्षेत्र एरबिल के उत्तर-पूर्व में स्थित खालिफान और सोरान इलाकों में कम से कम चार संदिग्ध ईरानी ड्रोन गिरने और हमले किए जाने का दावा किया गया है। स्थानीय पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन ड्रोन ने कई स्थानों को निशाना बनाया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में आग लग गई। स्थानीय सुरक्षा एजेंसी के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है, कि घटना के बाद एरबिल के ऊपर 10 से अधिक अमेरिकी लड़ाकू विमान और ड्रोन उड़ान भरते देखे गए। इससे क्षेत्र में सुरक्षा गतिविधियां और सतर्कता बढ़ा दी गई। हालांकि ड्रोन हमलों के कारण हुए नुकसान और किसी के हताहत होने की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

# ईडब्ल्यूएस केटेगरी की आय 10 लाख रुपए करेगी गुजरात सरकार

अहमदाबाद। गुजरात की बीजेपी सरकार ईडब्ल्यूएस केटेगरी को लेकर बड़ा फैसला करने जा रही है। इससे लाखों लोगों को फायदा होगा। राज्य सरकार अगले विधानसभा चुनावों से पहले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सालाना आय को बढ़ा सकती है। ईडब्ल्यूएस केटेगरी की आय को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुजरात सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लाखों लोगों को राहत देने पर विचार कर रही है। अगर ईडब्ल्यूएस केटेगरी की कैपिंग बढ़ाने का फैसला लागू होता है, तो बड़ी संख्या में जनरल श्रेणी में आने वाले लोग ईडब्ल्यूएस श्रेणी में आ जाएंगे और इन सभी को भी गुजरात सरकार की ओर से दी जाने वाली सभी योजनाओं व आरक्षण का लाभ मिल पाएगा। राज्य के न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने गुजरात अनारक्षित एजुकेशनल एंड इकोनॉमिकल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की कई योजनाओं का दायरा बढ़ाने के लिए आय सीमा में बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसे में जल्द ही इस दायरा बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। करीब एक दशक पहले कॉरपोरेशन बनने के बाद से आय सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया था। अब इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपए सालाना करने की तैयारी चल रही है। फिलहाल योजनाओं में सालाना 6 लाख रुपए तक की आय वाले परिवार ही पात्र हैं। हालांकि कुछ योजनाओं में आठ लाख रुपए तक की आय वाले आवेदक भी इसका लाभ उठा सकते हैं। ऐसे में अब इस नए प्रस्तावित बदलाव के बाद 10 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले परिवार भी इन योजनाओं का लाभ ले पाएंगे।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# टीएल बैठक में हुई समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 28 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने समय सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में उर्वरक वितरण एवं उपलब्धता, लंबित राजस्व प्रकरण, सड़क एवं पुल निर्माण, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सीएम हेल्पलाइन के मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एमआर कोल, यादव, एसडीएम गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।



## उर्वरक वितरण पर विशेष जोर

कलेक्टर श्री मीना ने किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को ई-टोकन के माध्यम से बिना किसी परेशानी के उर्वरक मिलना चाहिए। बैठक में बताया गया कि जिले में वर्तमान में 8,571 मीट्रिक टन यूरिया, 64 मीट्रिक टन डीएपी तथा 7,534 मीट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। कलेक?टर श्री मीना ने कटंगी और लांजी के एसडीएम को नजूल से संबंधित लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि राजस्व मामलों के निपटारे में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।

## सड़क और ओवरब्रिज निर्माण कार्यों की समीक्षा

बैठक में गर्रा रोड ओवरब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था का कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि 45 दिनों के भीतर 70 विद्युत पोल स्थापित कर ओवरब्रिज तथा सर्विस रोड पर प्रकाश व्यवस्था पूरी कर दी जाएगी। वहीं भटेरा रोड ओवरब्रिज का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने और डायवर्सन रोड की मरम्मत दो दिनों में पूरी कर 30 जुलाई से यातायात शुरू कराने के निर्देश भी दिए गए।

## लाड़ली लक्ष्मी और स्कूल भवनों के उपयोग पर निर्देश

कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए कि जिन बालिकाओं की लाड़ली लक्ष्मी योजना की छात्रवृत्ति आधार अपडेट नहीं होने के कारण रुकी हुई है, उनका आधार अपडेट जल्द कराया जाए। साथ ही सांदीपनि विद्यालयों के विलय के बाद रिक्त हुए स्कूल भवनों का अन्य विभागों द्वारा उपयोग सुनिश्चित करने के लिए सभी एसडीएम को परीक्षण करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और शौचालय निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी को राशन हितग्राहियों की ई-केवाईसी शत-प्रतिशत पूर्ण कराने तथा श्रम विभाग, जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक पात्र लोगों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए।

## धीमी प्रगति पर अधिकारियों को चेतावनी

कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सोलर पंप स्थापना में प्रगति नहीं होने पर अक्षय ऊर्जा अधिकारी को एक सप्ताह में सुधार लाने, अन्यथा वेतन रोकने की चेतावनी दी गई। कामधेनु योजना में ऋण स्वीकृति की धीमी प्रगति पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाओं तथा उद्यानिकी विभाग की योजनाओं में धीमी प्रगति पर सहायक संचालक को भी सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने पर जोर दिया गया।

## रपटो एवं पुल पुलियाओं पर पानी होने पर कोई भी पार न करें

बैठक में 27 जुलाई को किरनापुर क्षेत्र के ग्राम पिपलगांव कला और कोसमारा के बीच रपटे को पार करते समय पंचायत सचिव की पानी में बहने से हुई मृत्यु की घटना पर गंभीर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री मीना ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की महाप्रबंधक को रपटे पर बैरिकेडिंग नहीं कराने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं किरनापुर एसडीएम को ड्यूटी से अनुपस्थित कोटवार के विरुद्ध सेवा भूमि वापस लेने और निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित विभागों और एसडीएम को निर्देशित किया गया कि बारिश के दौरान पुल-पुलियों और रपटों पर पानी होने की स्थिति में लोगों को किसी भी हाल में पार नहीं करने दिया जाए तथा पर्याप्त बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी पर सख्ती

बैठक में सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी अधिकारी की लापरवाही से जिले की ग्रेडिंग प्रभावित होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी लंबित मामलों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि, एसएसपी महाविद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में एनसीसी इकाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन किया गया। आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार तथा 6 म.प्र.



बटालियन एनसीसी, बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेड़ाम ने की। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. हेमन्त कुमार मण्डाले ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. गेड़ाम ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों से अपनी भूमि को पुनः हासिल किया। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा केवल सेना ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है और सभी को राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. रक्षा निकोसे ने अपने संबोधन में कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों की शहादत से आज की युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। एनएसएस अधिकारी श्री कृष्णा पराते ने कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करना प्रत्येक युवा का कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कारगिल विजय पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी श्री विकास साहू सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। आयोजन में अंडर ऑफिसर कृष नेवारे, क्वार्टर मास्टर प्रफुल्ल गोटेकर, सीपीएल आयुषी राहंगडाले, सीनियर कैडेट सुरभि मिश्रा सहित लगभग 30 एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के तकनीकी सहयोग में कैडेट कृष्णा वंजारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 10 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा की बनाई गई रूपरेखा

**पद्मेश न्यूज। उकवा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन के महीने में बोल बम समिति उकवा के तत्वाधान में 10 अगस्त सावन के दूसरे सोमवार को उकवा से बाबा मंडी परसा टोला लगभग 16 किमी की कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी।जिसकी रूपरेखा बनाने के लिए आवश्यक बैठक श्री जगन्नाथ मंदिर उकवा के प्रांगण में आयोजित की गई जिसमें यात्रा प्रमुख आकाश अग्रवाल द्वारा यात्रा की रूप रेखा प्रस्तुत की गई।बताया गया कि यात्रा में बाबा भोले के भक्तों द्वारा विशेष व्यवस्था की जा रही है।कांवड़ यात्रा रेंज ऑफिस चौक से प्रारंभ होकर उकवा बस्ती होते हुए समनापुर के रास्ते होते हुए बाबा मंडी तक जाएगी।। डीजे की धुन के साथ रास्ते में सभी भक्तों के लिए स्वल्पाहार,चाय,फल,पानी,आदि की व्यवस्था एवं बाबा मंडी में भोजन की व्यवस्था की जाने हेतु सहमति उपस्थित सदस्यों एवं भक्तों ने प्रदान की।बैठक में मुख्य रूप से आकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, तरूण रावल,मुकेश गोयल,वैभव चौकसे, कालू चौकसे, ऋषभ अग्रवाल, पंडित समीर शर्मा, अनुज चौकसे, मयंक डीजे, सौरभ अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, नेमी गौतम, दीपक चौकसे ,रजत चौकसे, जयशंकर यादव, राहुल गिरी एवं जगन्नाथ मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



# 80 प्रतिशत दिव्यांग मासूम को पेंशन और आधार अपडेट का इंतजार

## पिता की दर्दभरी गुहार, साहब! मेरे बेटे को उसका हक दिला दीजिए

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** एक ओर सरकार दिव्यांगजनों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, वहीं दूसरी ओर तकनीकी और प्रशासनिक अड़चनों के कारण कई जरूरतमंद परिवार इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह जाते हैं। ऐसा ही एक मार्मिक मामला बालाघाट जिले के ग्राम बगदरा से सामने आया है, जहां एक पिता ने अपने 80 प्रतिशत दिव्यांग मासूम बेटे के लिए कलेक्टर से न्याय और सहायता की गुहार लगाई है।ग्राम बगदरा, वार्ड क्रमांक 18 निवासी मनोज पिता सोहनलाल लिल्हारे ने जिला कलेक्टर को दिए गए आवेदन में बताया है कि उनका पुत्र अनुमय लिल्हारे जन्म से ही गंभीर शारीरिक एवं मानसिक दिव्यांगता से पीड़ित है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमओ) द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अनुसार बच्चे की दिव्यांगता 80 प्रतिशत है। मासूम अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी पूरी तरह दूसरों पर निर्भर है।लेकिन बार बार कोशिशों के बावजूद भी बच्चे का आधार अपडेट नही हो पा रहा है।ना ही उसे दिव्यांता के तहत पेंशन दी जा रही है।

### आधार नही हो रहा अपडेट

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि पुत्र का आधार कार्ड पहले बन चुका था, लेकिन निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद अब उसका आधार अपडेट नहीं हो पा रहा है। शारीरिक और मानसिक स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी करना संभव नहीं हो पा रहा है। परिणामस्वरूप आधार अपडेट न होने के कारण परिवार को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जहां भी सहायता या योजना के लिए संपर्क किया जाता है, वहां आधार अपडेट कराने की अनिवार्यता बताई जाती है।



### दिव्यांग पेंशन योजना का भी नही मिल रहा लाभ

पीड़ित पिता ने यह भी बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है। सीमित आय के कारण दिव्यांग पुत्र के इलाज, दवाइयों और देखभाल का खर्च उठाना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है। ऐसे में शासन की दिव्यांग पेंशन योजना का लाभ मिलना परिवार के लिए बड़ी राहत साबित हो सकता है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए मनोज निल्हारे ने जिला कलेक्टर से भावपूर्ण अपील करते हुए अनुरोध किया है कि उनके पुत्र की गंभीर दिव्यांगता और परिवार की आर्थिक स्थिति को मानवीय आधार पर देखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही आधार अपडेट की समस्या का समाधान कराकर दिव्यांग पेंशन सहित शासन की सभी पात्र योजनाओं का लाभ दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परिवार को उम्मीद है कि जिला प्रशासन इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि एक असहाय दिव्यांग बालक को उसका वैधानिक अधिकार मिल सके और उसके माता-पिता को कुछ राहत प्राप्त हो सके।

# बालाघाट में पहली बार पूर्व सैनिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर, अब जिले में ही मिलेगी चिकित्सा सुविधा

## ईसीएचएस के तहत जबलपुर से पहुंची मेडिकल टीम ने पूर्व सैनिकों और परिजनों की जांच की

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** देश की सीमाओं पर वर्षों तक अपनी सेवाएं देने वाले पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को अब इलाज के लिए महानगरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। केंद्र सरकार की भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के तहत जिले में पहली बार स्थानीय सर्किट हाउस में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जबलपुर से पहुंची विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जिलेभर से आए पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। इस पहल को पूर्व सैनिकों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। पूर्व सैनिक कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष संजीव धुवारे ने बताया कि अब तक जिले के पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए जबलपुर सहित अन्य बड़े शहरों तक जाना पड़ता था। बुजुर्ग पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए लंबी दूरी तय कर इलाज कराना काफी कठिन होता था। इसी समस्या को देखते हुए संगठन ने शासन स्तर पर लगातार मांग उठाई कि बालाघाट जिले में भी नियमित स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि स्थानीय स्तर पर ही चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि संगठन के प्रयासों के बाद पहली बार जिले में केंद्र सरकार की योजना के तहत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। सुबह से ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और उनके परिवार के सदस्य सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उनका पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने रक्तचाप (बीपी), शुगर, हृदय संबंधी समस्याओं सहित अन्य सामान्य एवं गंभीर बीमारियों की जांच की। जिन मरीजों में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के संकेत मिले, उन्हें आगे के उपचार के लिए उच्च चिकित्सा केंद्रों में रेफर करने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने पूर्व सैनिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, दवाइयों के समय पर सेवन और जीवनशैली से जुड़ी आवश्यक सलाह भी दी। कई पूर्व सैनिकों ने वर्षों बाद अपने जिले में इस प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा मिलने पर संतोष व्यक्त किया और इसे उनके लिए बेहद उपयोगी पहल बताया। संजीव धुवारे ने कहा कि यह केवल एक दिवसीय शिविर नहीं है, बल्कि अब इसे हर महीने नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। योजना के अनुसार हर माह पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि उन्हें समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिलती रहें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन उनका लाभ तभी प्रभावी होगा जब ये सुविधाएं लोगों तक आसानी से पहुंचें। जिले में इस स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत पूर्व सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे उन्हें इलाज के लिए अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकेंगी।



# 8 आईएएस के तबादले, चार जिलों के डीएम भी बदले

भोपाल। मध्यप्रदेश में मंगलवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सरकार ने आठ आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। शहडोल, छतरपुर और बालाघाट समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर बदलाव किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार ने मंगलवार को आठ आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। सबसे बड़ा बदलाव शहडोल कलेक्टर को लेकर हुआ है। पिछले आदेश में शहडोल कलेक्टर के पद पर पदस्थ की गईं मिशा सिंह के आदेश में संशोधन करते हुए अब 2015 बैच के आईएएस अधिकारी पार्थ जायसवाल को शहडोल कलेक्टर बनाया गया है। मिशा सिंह को अपर आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास पदस्थ किया गया है। इसी तरह मृणाल मीणा को कलेक्टर बालाघाट से हटाकर कलेक्टर छतरपुर बनाया गया है। वहीं ग्वालियर के अपर कलेक्टर कुमार सत्यम को बालाघाट कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### दिनेश जैन को खाद्य विभाग में जिम्मेदारी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव दिनेश जैन को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में उप आयुक्त-सह-संचालक बनाया गया है। वहीं गिरीश शर्मा को अपर सचिव, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

### अंकित अस्थाना और अदिति गर्ग को भी नई जिम्मेदारी

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के उप सचिव अंकित अस्थाना को उप सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के साथ संचालक कर्मचारी चयन मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग को मध्यप्रदेश स्किल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट की परियोजना संचालक सहित अन्य अतिरिक्त जिम्मेदारियां दी गई हैं।

# प्रियंका गांधी ने जैसे ही कहा नाराज हो रहे आप, थोड़ा मुस्कुरा लीजिए सदन में लगे ठहाके और सवालों पर जोरदार हुआ हंगामा

नई दिल्ली। संसद में एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा में हिस्सा ले रहीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने ऐसा कुछ कहा जिससे सदन में न सिर्फ ठहाके लगे बल्कि हंगामा भी हुआ। उन्होंने केंद्र को पेपर लीक मामले में घेरा और दिल्ली प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर कार्रवाई को लेकर सरकार से तीछे सवाल पूछे। प्रियंका गांधी ने कहा, इस सरकार ने आरएसएस प्रचारकों को भरकर देश के पूरे शिक्षा सिस्टम को ही खोखला कर दिया है। उन्होंने कहा एनटीए को ज़बरजस्ती लाकर और सिस्टम को केंद्रित करके मामलों को और उलझा दिया है। देश के कुल बजट में शिक्षा बजट का हिस्सा हर साल बढ़ने की बजाय घटता जा रहा है। चर्चा में हिस्सा ले रहीं प्रियंका गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा परीक्षा और शिक्षा व्यवस्था विफल हो गई और बार-बार पेपर लीक होने से विद्यार्थियों का भरोसा भी टूट गया। उन्होंने कहा, शिक्षा व्यवस्था में कमियां आ गई और परीक्षा व्यवस्था विफल हो गई है। उन्होंने कहा, एक भी माफिया सदस्य को सज़ा नहीं मिली है। छात्रों के विरोध प्रदर्शन का सवाल उठाते हुए उन्होंने सवाल किया, कि सुरक्षा बलों ने आंदोलन कर रहे छात्रों के खिलाफ आंसू गैस के गोले और पैलेट गन का इस्तेमाल आखिर क्यों किया? आखिर देश के युवाओं पर पैलेट गन और एके-47 का इस्तेमाल करने की आवश्यकता क्या थी? क्या वे आतंकवादी थे? उन्होंने कहा कि पैलेट गन इस्तेमाल करने का आदेश किसने दिया, प्रधानमंत्री या गृह मंत्री थे? इसका उन्हें जवाब देना ही होगा। यह सिर्फ कांग्रेस पार्टी की बात नहीं बल्कि पूरा देश पूछ रहा है। संपूर्ण देश जवाब मांग रहा है। इसी बीच प्रियंका गांधी ने प्रह्लाद जोशी को नया शिक्षा मंत्री बनाए जाने पर केंद्र सरकार पर हमला बोला, जिससे सदन में हंगामा मच गया। इसी बीच प्रियंका गांधी आरोप लगाते हुए कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने एक ऐसे व्यक्ति को शिक्षा मंत्री चुना, जिसने गर्भवती महिला के साथ बलात्कार के दोषियों की रिहाई पर सहमति और खुशी ज़ाहिर की थी। इस पर सत्ता पक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने तो उन पर संसद में अपमानजनक बयान देने तक का आरोप लगा दिया। रिजिजू बोले, यह टिप्पणियां चरित्र हनन करने के बराबर हैं और मांग की कि इन्हें कार्यवाही से हटा दिया जाए। उन्होंने इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं होने की बात कहते हुए सदन से माफ़ी मांगने की बात कही। जोरदार हंगामे के बाद एक बार फिर प्रियंका गांधी ने बोलना शुरू किया तो सबसे पहले उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर मुखातिब होते हुए कहा, आप नाराज हो रहे हैं, थोड़ा मुस्करा लीजिए। सदन में तब ठहाके भी लगे और सदन का माहौल सामान्य हो गया, जिससे चर्चा आगे बढ़ सकी।

# अश्विन ने 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप की तैयारियों पर उठाये सवाल

**चेन्नई। एजेंसी।**

पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि भारतीय टीम को जिस प्रकार से इंग्लैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है उससे उसकी साल 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप की तैयारियों पर सवाल उठ रहे हैं। अश्विन ने कहा कि ये हार इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस सीरीज में विराट कोहली, रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी टीम में थे। इसके बाद भी टीम उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायी। भारतीय टीम पहला मुकाबला जीतने के बाद लगातार दो मैचों में हारी। अश्विन ने कहा कि टीम प्रबंधन को अब स्पष्ट रणनीति अपनानी होगी। अभी टीम ऐसे खिलाड़ियों पर जरुरत से ज्यादा भरोसा कर रही है जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में सीमित योगदान देते हैं जबकि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए विशेषज्ञ खिलाड़ियों की अधिक जरुरत रहती है। अश्विन ने ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के विकल्प को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि हार्दिक पूरी तरह से फिट नहीं रहते हैं, तो भारतीय टीम के पास कोई स्पष्ट विकल्प नजर नहीं आ रहा है। नितीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है पर नितीश भी हाल के समय में फिटनेस के लिए संघर्ष करते देखे गये हैं। अश्विन का मानना है कि केवल अस्थायी विकल्पों से ही विश्व कप जैसी बड़ी प्रतियोगिता की तैयारी नहीं की जा सकती।



उन्होंने वर्ष 2023 के एकदिवसीय विश्व कप का उदाहरण भी दिया। अश्विन ने बताया कि उस समय हार्दिक पांड्या के चोटिल होने के बाद तत्कालीन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम प्रबंधन ने एक अलग रणनीति अपनाई थी। उन्होंने अतिरिक्त ऑलराउंडर की तलाश करने के बजाय पांच प्रमुख गेंदबाजों के साथ टीम का संतुलन बनाए रखा और प्रत्येक खिलाड़ी की भूमिका स्पष्ट रखी थी। इसी रणनीति के दम पर भारत फाइनल तक पहुंचने में सफल रहा था, ये तरीका भी वर्तमान समय में अपनाया जा सकता है। साथ ही कहा कि टीम प्रबंधन को अब 17 से 18 खिलाड़ियों का एक स्थायी समूह तैयार कर लेना चाहिए। इस समूह में दो विकेटकीपर, तीन स्पिन गेंदबाज और पांच तेज गेंदबाज शामिल होने चाहिए। वहीं अगले 14 महीनों तक इन्हीं खिलाड़ियों को लगातार अवसर देकर अलग-अलग संयोजन आजमाने चाहिए, जिससे विश्व कप शुरू होने तक सर्वश्रेष्ठ अंतिम एकादश तैयार हो सके। अश्विन का मानना है कि वर्तमान में टीम चयन और रणनीति में स्पष्टता की कमी दिखाई दे रही है, जिसे दूर करना सबसे जरुरी है।

# सिंगापुर से अगले माह दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय फुटबॉल टीम

## एशियाई कप क्वालीफायर में मिलेगा लाभ

कोलकाता। भारतीय फुटबॉल टीम अगले माह सिंगापुर से दो मैत्री मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अनुसार, ये मुकाबले तीन और छह अगस्त को सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में खेले जाएंगे। एआईएफएफ के अुनसार भारतीय टीम को साल 2027 में होने वाले एएफसी अंडर20 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए इन मैचों से लाभ मिलने की उम्मीद है। ये मैत्री मैच युवा भारतीय खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव प्राप्त करने और टीम समन्वय को मजबूत करने का एक अच्छा अवसर प्रदान करेंगे। एआईएफएफ का मानना है कि सिंगापुर जैसी प्रतिस्पर्धी टीम के खिलाफ खेलने से खिलाड़ियों को असली टूर्नामेंट के हालातों का सामना करने में सहायता मिलेगी और उनका रणनीतिक कौशल भी बेहरत होगा। इससे भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का आकलन करने का अवसर भी मिलेगा। गौरतलब है कि भारत और सिंगापुर की अंडर 20 टीमें के बीचपहले भी दो बार मुकाबला हुआ है। उन दोनों ही अवसरों पर भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। पहली भिड़ंत 1966 के एएफसी युवा चैम्पियनशिप में हुई थी, जहाँ भारत ने सिंगापुर को 4-1 से हराया था। वहीं दूसरी जीत 1974 में इसी चैम्पियनशिप के दौरान पेनल्टी शूटआउट में मिली थी।, दोनों टीमों ने 2017 में गोवा में आयोजित अंडर19 अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में भी एक दूसरे का मुकाबला किया था। तब भारतीय टीम ने पहला मैच 7-2 के बड़े अंतर से जीता था, जबकि सिंगापुर ने दूसरे मैच में 1-0 से वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। इन मैत्री मैचों का अंतिम लक्ष्य 2027 एएफसी अंडर20 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए एक ठोस आधार तैयार करना है, जहाँ भारतीय टीम को कठिन चुनौतियों का सामना करना है। भारतीय टीम को एशियाई कप क्वालीफायर में ताशकंद में ग्रुप सी में रखा गया है और उसे 31 अगस्त को सीरिया, तीन सितंबर को उज्बेकिस्तान और छह सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ अपने क्वालीफाइंग मैच खेलने हैं। ये आगामी मैत्री मैच टीम के कोचों को विभिन्न रणनीतियों का परीक्षण करने, खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने और एकजुट होकर एक मजबूत इकाई बनाने का अवसर प्रदान करेंगे।

# अर्जेंटीना के खिलाफ केप वर्डे के काब्राल का गोल बना विश्व कप का सर्वश्रेष्ठ गोल

**कोरल गेबलेस,एजेंसी।** केप वर्डे के सिडनी लोप्स काब्राल का शानदार गोल सोमवार को फीफा विश्व कप 2026 का सर्वश्रेष्ठ गोल चुना गया। टूर्नामेंट में पहली बार खेल रही अफ्रीक की इस टीम के इस खिलाड़ी ने सार्वजनिक मतदान में सबसे अधिक वोट हासिल किए। काब्राल ने अर्जेंटीना के खिलाफ अंतिम 32 चरण के रोमांचक मुकाबले में अतिरिक्त समय के दौरान दूर के ऊपरी कोने में शानदार किलिंग शॉट लगाकर गोल दागा था। इस गोल से केप वर्डे ने स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया था। टीम हालांकि अंततः 3-2 से मुकाबला हार गई। विश्व कप में हुए कुल 308 गोलों में काब्राल के इस गोल को सर्वश्रेष्ठ चुना गया। उन्होंने उज्बेकिस्तान के एल्डोर शोमुरोदोव के कांगो के खिलाफ किए गए शानदार लॉब और हैती के विल्सन इसिडोर के मोरक्को के खिलाफ शक्तिशाली शॉट से किए गए गोल को पीछे छोड़ा। फीफा ने सार्वजनिक मतदान के लिए 12 गोलों की शॉर्टलिस्ट जारी की थी, जिसके लिए सोमवार तक वोटिंग हुई। काब्राल का जश्न भी विश्व कप की यादगार तस्वीरों में शामिल हो गया। गोल करने के बाद वह साथियों से बचते हुए स्टैंड में पहुंचे और अपनी प्रेमिका को गले लगाया। इसके बाद उन्होंने अपनी मां को ढूंढ़ा। काब्राल ने कहा, मैच से पहले मैंने अपनी मां और प्रेमिका से कहा था कि अगर मैं गोल करूंगा तो सबसे पहले उनके पास आऊंगा।

# इंदौर के सारांश जैन पहली बार टीम इंडिया में शामिल

## श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान, जडेजा की वापसी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बीसीसीआई ने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा फिट होकर टीम में लौट आए हैं। मध्य प्रदेश के इंदौर के 33 साल के ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर सारांश जैन को घरेलू क्रिकेट और हालिया इंडिया-ए दौरे पर शानदार प्रदर्शन के दम पर पहली बार राष्ट्रीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन को टीम में रखा गया है लेकिन उनका सिलेक्शन उनकी फिटनेस के आधार पर होगा। जबकि नीतीश कुमार रेड्डी क्वाड्रिसेप्स चोट से पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। हालांकि, वाशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की



चोट के कारण पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। दो मैचों की यह टेस्ट सीरीज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होगी। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल पारी की शुरूआत करेंगे, जबकि कप्तान शुभमन गिल नंबर-4 पर बल्लेबाजी करेंगे। साई सुदर्शन के साथ देवदत्त पडिक्कल भी टीम का हिस्सा हैं। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ऋषभ पंत संभालेंगे, जबकि ध्रुव जुरेल रिजर्व विकेटकीपर होंगे। स्पिन डिपार्टमेंट में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल टीम में शामिल हैं। टेस्ट डेब्यू में 7 विकेट लेने वाले मानव सुथार भी टीम में हैं।

### मप्र के सारांश को डोमेस्टिक और इंडिया-ए के प्रदर्शन का इनाम मिला



मप्र के सारांश जैन को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली है। उन्होंने हाल ही में श्रीलंका दौरे पर इंडिया-ए के लिए दूसरे चार दिवसीय मैच में नाबाद 70 रन बनाए थे। इसके अलावा मैच में 6 विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान भी खींचा। 33 साल के सारांश ने अब तक 54 फर्स्ट क्लास मैचों में 2,223 रन बनाए हैं। वहीं, गेंदबाजी में उन्होंने 27.30 की औसत से 188 विकेट लिए हैं।

### भारतीय टीम इस प्रकार है...

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविंद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन।

# राष्ट्रमण्डल खेलों में सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाये गुरिंदरवीर

ग्लासगो। भारतीय धावक गुरिंदरवीर सिंह का राष्ट्रमण्डल खेलों में पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा में निराशाजनक प्रदर्शन रहा। इस प्रदर्शन के बाद, गुरिंदरवीर के पहले कोच हैप्पी सिंह ने माफी मांगी है। कोच ने माना है कि गुरिंदरवीर के कमजोर प्रदर्शन से प्रशंसकों को झटका लगा है।

इस धावक ने अपनी प्रारंभिक हीट में 10.39 सेकंड का समय दर्ज किया, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे था और अपेक्षित गति से कम साबित हुआ। इस प्रदर्शन के साथ ही वह कुल 76 प्रतिभागियों में 28वें स्थान पर रहे और सीधे तौर पर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए। सेमीफाइनल में प्रवेश पाने के लिए कम से कम कट-ऑफ समय 10.24 सेकंड था, जो बारबाडोस के क्यूरोन ग्रिफिथ ने हासिल किया था। गुरिंदरवीर का समय कट-ऑफ से स्पष्ट रूप से कम था, जिससे उनका आगे बढ़ना संभव नहीं था।

कोच ने कहा , जब कोई खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करता है और दौड़ता है, तो स्वाभाविक रूप से देश को उससे बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद होती है। गुरिंदरवीर के पहले कोच होने के नाते, मैं पूरे देश से माफी मांगता हूं कि वह उस स्तर का प्रदर्शन नहीं कर सके जिसकी लोगों को उनसे उम्मीद थी। सिंह ने इस बड़े मंच पर प्रदर्शन के महत्व को रेखांकित करते हुए आगे कहा, खेल में अक्सर कहा जाता है कि खिलाड़ी या तो जीतता है या फिर सीखता है। लेकिन जब ऐसे बड़े और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट, जो हर चार साल में एक बार आते हैं, में सीखने की कीमत काफी बड़ी होती है और इसका प्रभाव गहरा होता है।

उन्होंने खिलाड़ियों को ऐसे क्षणों में समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया। हैप्पी सिंह ने कहा, जो हो गया है उसे बदला नहीं जा सकता। अब सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम सभी गुरिंदरवीर का समर्थन करें, उनका हौसला बढ़ाएं, ताकि वह इस अनुभव से सीखकर भविष्य में और भी मजबूत होकर वापसी कर सकें।

## कॉमनवेल्थ गेम्सः भारत मेडल टैली में 10 मेडल के साथ आठवें स्थान पर

# शर्मिला धनकड़ ने जीता गोल्ड, सर्वेश अजय को सिल्वर, शिल्पा को मिला ब्रॉन्ज

**ग्लास्गो,एजेंसी।** भारत की शर्मिला धनकड़ ने कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं के पैरा शॉट पुट F57 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 9.81 मीटर का सीजन बेस्ट थ्रो कर यह उपलब्धि हासिल की। यह मौजूदा खेलों में भारत का दूसरा गोल्ड मेडल है। इसी इवेंट में भारत की शिल्पा के. शायला ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। F57 कैटेगरी में उन पैरा एथलीट्स को शामिल किया जाता है, जिनके निचले अंग प्रभावित होते हैं या जिनकी मांसपेशियों की ताकत कम होती है। अन्य इवेंट्स में हाई जंप में सर्वेश कुशारे और वेटलिफ्टिंग के 79 किलोग्राम वर्ग में अजय बाबू ने सिल्वर मेडल जीता। इससे पहले बिंदियारानी देवी ने 58 किलोग्राम वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया, जबकि ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। भारत के मेडल टैली में कुल 10 मेडल हो गए हैं और टीम आठवें स्थान पर है। भारत ने अब तक 2 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते है। ऑस्ट्रेलिया 26 गोल्ड सहित 59 मेडल के साथ पहले स्थान पर है।



### शर्मिला ने पैरा एथलेटिक्स में भारत को दिलाया पहला गोल्ड

शर्मिला धनकड़ ने महिला शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में भारत को पैरा एथलेटिक्स का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। चालीस वर्षीय शर्मिला ने 9.81 मीटर का सत्र का सर्वश्रेष्ठ थ्रो लगाकर स्वर्ण पदक जीता और राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के पैरा एथलेटिक्स पदक के 20 साल के इंतजार को खत्म किया।




### कुशारे ऊंची कूद में रजत जीतने वाले पहले भारतीय

राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए है। कुशारे ने 2.25 मीटर की ऊंचाई पार कर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रोमेन ने स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ी 2.25 मी. के बाद 2.28 मी. पार करने में असफल रहे, लेकिन काउंटबैक नियम के आधार पर विजेता बने।



### अजय ने भारोत्तोलन में जीता सिल्वर मेडल

तेजी से उभर रहे भारतीय भारोत्तोलक वुरी अजय बाबू ने पुरुषों के 79 किग्रा वर्ग में रजत पदक अपने नाम किया। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम जिले के रहने वाले 21 वर्षीय अजय बाबू ने स्नैच में 149 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 181 किग्रा वजन उठाकर कुल 330 किग्रा का भार दर्ज किया। उन्होंने दोनों वर्गों में रिकॉर्ड बनाया।



### नाटकीय घटनाक्रम के बाद शिल्पा को ब्रॉन्ज

शिल्पा ने 7.26 मी. का थ्रो कर व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, लेकिन शुरूआती नतीजों में वह चौथे स्थान पर थीं। भारत की आपत्ति के बाद अधिकारियों ने नाइजीरियाई खिलाड़ी के थ्रो की समीक्षा कर वैध थ्रो को फाउल करार दिया गया। इसके बाद संशोधित नतीजों में शिल्पा को ब्रॉन्ज मेडल दे दिया गया।

# गेंदबाजों के दबदबे के बीच विंडीज को 155 रन की बढ़त

**तारौबा,एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजों के दबदबे के बीच अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 126 रन बनाकर पाकिस्तान के खिलाफ 155 रन की बढ़त हासिल कर ली है।



सबसे पहले जस्टिन ग्रीव्स ने लगातार पांच विकेट मेडन ओवर फेंकते हुए 27 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने अपने छह विकेट 38 रन पर गंवा दिए। इस तरह से शान मसूद (109) के सातवें टेस्ट शतक के बावजूद पाकिस्तान की टीम अपनी पहली पारी में 282 रन पर आउट हो गई। इसके बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों ने भी कहर बरपाया और पहली पारी में 311 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद अब्बास ने अभी तक 14 रन देकर तीन विकेट लिए हैं जबकि खुर्रम शहजाद ने दो विकेट हासिल किए हैं। वेस्टइंडीज की तरफ से तेगनारायण चंद्रपाल ही कुछ संघर्ष कर पाए। उन्होंने 35 रन बनाए।

## गोल्फः कोइवुन ने पीजीए टूर पर 3एम ओपन जीता

**ब्लेन,एजेंसी।** रूकी जैक्सन कोइवुन ने प्रो के तौर पर अपने तीसरे ही टूर्नामेंट में 3एम ओपन जीतकर अपना पहला पीजीए टूर खिताब हासिल किया। इसी के साथ रूकी ने वर्ल्ड नंबर 1 स्कॉटी शेफलर को पछाड़ दिया। कोइवुन ने 3एम ओपन तीन स्ट्रोक से जीता। उन्होंने आखिरी राउंड में 5-अंडर 66 का स्कोर किया और टूर्नामेंट के रिकॉर्ड 25-अंडर 259 के कुल स्कोर के साथ शेफलर को हराया। भारतीय मूल के सुदर्शन येल्लामाराजू कट में जगह नहीं बना पाए, जबकि हीरो-स्पॉन्सर्ड अक्षय भाटिया और साहित थीगाला ने इस हफ्ते हिस्सा नहीं लिया। शेफलर ने कोइवुन से पांच ग्रुप पहले खेलते हुए 63 का शानदार कार्ड खेलकर खिताबी दौड़ में जोरदार वापसी की। हालांकि, उन्हें इस सीजन में पांचवीं बार उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। इस साल उनकी एकमात्र जीत कैलिफोर्निया में खेले गए द अमेरिकन एक्सप्रेस टूर्नामेंट में आई, जो सीजन की उनकी पहली शुरूआत भी थी।




# खेल मंत्री मांडविया ने आईएसएसएफ निशानेबाजी में पदक विजेता ईशा और मनु को बधाई दी

नई दिल्ली। केंद्रीय युवा मामले के मंत्री मनसुख मांडविया ने चीन के हांगझोऊ में संपन्न हुए आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन में पदक विजेता महिला निशानेबाजों ईशा सिंह और मनु भाकर को बधाई दी है। ईशा ने जहां महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं मनु ने कांस्य पदक हासिल किया था। खेल मंत्री ने कहा कि ईशा और मुन ने अपने प्रदर्शन से देश का गौरव बढ़ाया है। मांडविया ने सोशल मीडिया में दोनों निशानेबाजों की प्रशंसा करते हुए लिखा, भारत पोडियम पर, ईशा और मनु को आईएसएसएफ विश्व कप के महिला वर्ग में 25 मीटर पिस्टल इवेंट में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने पर हार्दिक बधाई। साथ ही लिखा कि पूरे देश को आप दोनों पर गर्व है और आप दोनों ने भारतीय खेल जगत को गौरवान्वित किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन युवा एथलीटों के प्रदर्शन से खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी। ये दिखाता है कि भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# रिंकू को मिला बेस्ट एटीट्यूड ऑफ द मैच अवॉर्ड

हरारे। भारतीय टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में मिली 3-0 की जीत के बाद बेस्ट एटीट्यूड ऑफ द मैच का विशेष अवॉर्ड मिला है। रिंकू को ये अवॉर्ड मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने दिया। यह अवार्ड उस खिलाड़ी को दिया जाता है जो मैदान के अंदर और बाहर अपने रवैये, समर्पण और टीम के प्रति प्रतिबद्धता से सबसे ज्यादा प्रभावित करता है। भारतीय टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच ए आई हर्षा ने ये इनाम मिलने का कारण बताते हुए कहा कि एक अच्छे और महान खिलाड़ी में सबसे बड़ा अंतर दबाव को संभालने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा, रिंकू ने हमेशा दबाव को सकारात्मक तरीके से लिया और कड़ी मेहनत में कमी नहीं आने दी। इसी निरंतरता, जुनून और शानदार एटीट्यूड की वजह से यह सम्मान उन्हें दिया जा रहा है। साथ ही कहा कि यह अवॉर्ड केवल मैदान पर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नहीं है, बल्कि लगातार सही सोच, अनुशासन और टीम के प्रति अटूट समर्पण दिखाने के लिए है।वहीं इस खास सम्मान को पाकर रिंकू ने पूरी टीम और सहयेगी स्टाफ का आभार जताया। अपनी खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, इस खूबसूरत मेडल के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है। सभी खिलाड़ियों ने शानदार योगदान दिया और इसी वजह से हम सीरीज 3-0 से जीत सके। गौरतलब है कि तीसरे मुकाबले में रिंकू ने केवल 14 गेंदों में 25 रन की बेहतरीन पारी खेलकर टीम को संभाला।

# वेस्टइंडीज के ग्रीव ने पांच मेडन ओवरों में पांच विकेट लेकर बनाया विश्व रिकार्ड

जमैक। जस्टिन ग्रीव की घातक गेंदबाजी से मेजबान वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन 282 रनों पर ही समेट दिया। पाक की ओर से शान मसूद ने शतकीय पारी खेली पर कोई अन्य बल्लेबाज ग्रीव के सामने नहीं टिक नहीं पाया। ग्रीव ने इस मैच में पांच मेडन ओवर में पांच विकेट लेकर विश्व क्रिकेट में एक नया रिकार्ड बना दिया। ग्रीव ने अपने दूसरे स्पेल में लगातार पांच ओवर मेडन किये और सभी में एक-एक विकेट लिया। इस तरह ग्रीव लगातार पांच मेडन ओवर में पांच विकेट लेने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बन गए हैं। इस स्पेल के दौरान उन्होंने 30 गेंदों में एक भी एक भी रन नहीं दिया। अपने शुरुआती स्पेल में उन्होंने 6 ओवर में 1 मेडन के साथ 27 रन दिये थे पर उनका दूसरा स्पेल पहले से काफी अलग था। इस स्पेल में उनकी सटीक और स्विंग करती गेंदों का सामना करने में पाक गेंदबाज असफल रहें। ग्रीव ने 109 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे शान को पेवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने अपनी अगली ही गेंद पर आमिर जमाल को केवल 3 रन पर आउट कर दिया। किया। आमिर के बाद अगले ओवर में ग्रीव ने अली उस्मान को बिना खाता खोले ही पेवेलियन भेज दिया। अपने चौथे मेडन ओवर में उन्होंने मोहम्मद रिजवान को 12 रन पर आउट किया, और फिर अपने पांचवें मेडन ओवर में मोहम्मद अब्बास को शून्य पर आउट कर अपने पांच विकेट पूरे किए। इस तरह, उन्होंने लगातार पांच ओवर में बिना कोई रन दिए पांच विकेट लिए हैं।


गुरु पूर्णिमा
के पावन अवसर पर
श्रद्धेय गुरुजनों को नमन
महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व
अलंकरण समारोह
नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
29 जुलाई, 2026 । गीता भवन
माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन
सांदीपनि विद्यालय
चरण-I एवं II
8.48 लाख+
विद्यार्थी क्षमता
773
विद्यालय
₹24,915
करोड़ का निवेश
शिक्षा का आधुनिक सुदृढ़ीकरण
सांदीपनि विद्यालयों में-
नर्सरी से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा
विश्व स्तरीय अधोसंरचना-
सर्वसुविधायुक्त डिजिटल कक्षाएं, स्मार्ट बोर्ड, आधुनिक लैब, कंप्यूटर एवं समृद्ध पुस्तकालय
निःशुल्क और सुरक्षित बस सुविधा-
CCTV निगरानी, प्रशिक्षित स्टाफ के साथ
समग्र व्यक्तित्व विकास-
व्यावहारिक कौशल, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता पर विशेष फोकस
बेहतर परीक्षा परिणाम-
10वीं कक्षा का परिणाम 68 से बढ़कर हुआ 88 प्रतिशत, वर्ष 2026 में 10वीं के 41 विद्यार्थी, 12वीं के 17 विद्यार्थी मेरिट में
शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
बैरसिया जिला - भोपाल (म. प्र.)
D11066/26
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## न्यूज गैलरी

### 29 एवं 30 जुलाई को बालाघाट जिले में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना, किसानों और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पाँच दिवसीय मध्यम श्रेणी के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में आगामी दो दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव-बालाघाट ने मौसम को देखते हुए किसानों एवं आम नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गांव के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र अगासे ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार 29 जुलाई को बालाघाट जिले में भारी बादलों के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं 30 जुलाई को बहुत भारी वर्षा, आकाशीय बिजली गिरने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। इस अवधि में जिले का अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 21 से 22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। सुबह के समय हवा में 98 से 100 प्रतिशत तथा दोपहर में 80 से 87 प्रतिशत तक आर्द्रता रहने की संभावना है। सामान्य दिनों में हवा की गति 7 से 8 किलोमीटर प्रति घंटा तथा दिशा दक्षिण रहने का अनुमान है।

जिला कृषि मौसम इकाई ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम को ध्यान में रखते हुए खेतों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था बनाए रखें तथा आकाशीय बिजली और तेज हवाओं के दौरान खुले स्थानों एवं पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। आम नागरिकों से भी अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने, मौसम विभाग के दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गई है।

# चावल घोटाले की जांच पर कांग्रेस का वार, संजय उईके बोले- बड़े नाम सामने आते ही पुलिस की कार्रवाई धीमी

**हर्ष इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर कुमार कावरे सहित प्रभावशाली लोगों की भूमिका की जांच की मांग, हिना कावरे बोलीं- डबल मनी में समय पर कार्रवाई होती तो नहीं डूबता लोगों का पैसा**

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**जिले में सामने आए बहुचर्चित चावल घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच टीम की कार्रवाई को लेकर अब कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं विधायक संजय उईके, पूर्व लांजी विधायक हिना कावरे, परसवाड़ा विधायक मधु भगत सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने चावल घोटाले के साथ जिले के बहुचर्चित डबल मनी मामले को लेकर भी सरकार और पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े किए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि चावल मामले की जांच शुरुआत में जिस तेजी से आगे बढ़ रही थी, उसमें अब कमी दिखाई दे रही है। उनका दावा है कि जैसे-जैसे मामले में बड़े और प्रभावशाली लोगों के नाम सामने आ रहे हैं, जांच की दिशा और गति दोनों पर सवाल खड़े होने लगे हैं।**



कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय उईके ने कहा कि चावल मामले में जब शुरुआती दौर में जिले की अलग-अलग राइस मिलों पर जांच और कार्रवाई की जा रही थी, तब यह उम्मीद जगी थी कि पुलिस पूरे मामले की तह तक पहुंचेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। लेकिन अब कांग्रेस को लग रहा है कि जांच का दायरा छोटे राइस मिलर्स तक सीमित होता जा रहा है, जबकि जिन लोगों की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई आगे नहीं बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता से जुड़े प्रभावशाली लोगों को बचाने के लिए जांच को लंबा खींचा जा रहा है। संजय उईके ने चावल घोटाले में हर्ष इंडस्ट्रीज के प्रोपराइटर कुमार कावरे की भूमिका की भी जांच और कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में यदि किसी व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके राजनीतिक प्रभाव को कार्रवाई के रास्ते में बाधा नहीं बनना चाहिए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस को छोटे और बड़े सभी राइस मिलर्स की भूमिका को एक समान नजर से देखते हुए जांच करनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्ता के दबाव के कारण प्रभावशाली लोगों तक जांच की कार्रवाई नहीं पहुंच रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि चावल घोटाला केवल किसी एक राइस मिल या कुछ लोगों तक सीमित मामला नहीं माना जा सकता। यदि सरकारी चावल की खरीदी, मिलिंग, भंडारण, परिवहन या वितरण की प्रक्रिया में अनियमितता हुई है तो पूरे नेटवर्क की जांच आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि पुलिस यह स्पष्ट करे कि मामले में अब तक किन-किन लोगों की भूमिका सामने आई है और किस आधार पर कार्रवाई की जा रही है। उनका कहना था कि जांच यदि निष्पक्ष है तो किसी भी व्यक्ति को केवल राजनीतिक प्रभाव के आधार पर राहत नहीं मिलनी चाहिए।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने जल्द ही मामले में निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर उतरेगी। संजय उईके ने कहा कि पार्टी चावल मामले में जांच को किसी दबाव में प्रभावित नहीं होने देगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन के माध्यम से जनता के बीच इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

### डबल मनी मामले पर भी सरकार को घेरा

प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जिले के चर्चित डबल मनी प्रकरण को भी प्रमुखता से उठाया। पूर्व लांजी विधायक हिना कावरे ने कहा कि उन्होंने अपने विधायक कार्यकाल के दौरान इस मामले को विधानसभा में ध्यानाकर्षण के साथ-साथ सवालों के माध्यम से उठाया था। उनका कहना था कि यदि उस समय सरकार और प्रशासन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए समय पर कार्रवाई की होती तो बड़ी संख्या में लोगों की मेहनत की कमाई डूबने से बच सकती थी। हिना कावरे ने कहा कि डबल मनी मामले में लंबे समय तक लोगों को रकम दोगुनी करने का लालच दिया जाता रहा और धीरे-धीरे यह नेटवर्क बड़ा होता गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय भी सत्ताधारी दल से जुड़े कुछ लोगों पर संरक्षण देने के आरोप लगते रहे, जिसके कारण समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। उनका कहना था कि यदि शुरुआती शिकायतों को गंभीरता से लिया गया होता तो आज स्थिति इतनी भयावह नहीं होती। हालांकि हिना कावरे ने कहा कि उन्हें वर्तमान बालाघाट पुलिस अधीक्षक पर भरोसा है और उम्मीद है कि वे डबल मनी सहित अन्य मामलों में बिना किसी राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे उसका संबंध किसी भी राजनीतिक दल या प्रभावशाली व्यक्ति से क्यों न हो।

### मधु भगत ने विभागीय अधिकारियों की जांच की मांग उठाई

परसवाड़ा विधायक मधु भगत ने भी चावल मामले को गंभीर बताते हुए पुलिस प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि चावल घोटाले में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है तो केवल राइस मिलर्स की जांच करना पर्याप्त नहीं होगा। मामले में भारतीय खाद्य निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। मधु भगत ने आरोप लगाया कि सरकारी चावल की पूरी प्रक्रिया में कई विभाग और अधिकारी अलग-अलग स्तर पर जुड़े रहते हैं। ऐसे में यदि अनियमितता हुई है तो यह पता लगाया जाना जरूरी है कि चावल की खरीदी से लेकर मिलिंग, भंडारण और वितरण तक किस स्तर पर गड़बड़ी हुई। उन्होंने मांग की कि जांच का दायरा व्यापक किया जाए और यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की मिलीभगत सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। मधु भगत ने भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए और नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग उठाई।उन्होंने कहा कि यदि किसी राजनीतिक पदाधिकारी का नाम किसी गंभीर मामले में चर्चा में आता है तो संबंधित पार्टी नेतृत्व को भी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। कांग्रेस ने भाजपा नेतृत्व से इस मामले में अपना पक्ष सार्वजनिक करने की मांग की।

# पुलिया के पिलर से टकराई तेज रफ्तार मोटरसाइकिल गंभीर रूप से घायल युवक की मौत

## रामपायली थाने के मिरगपुर रोड पर हुई सड़क दुर्घटना

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** रामपायली थाना क्षेत्र के मिरगपुर रोड पर मंगलवार दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की जान चली गई। तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नहर पुलिया के पिलर से जा टकराई।जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए पहले रामपायली अस्पताल और बाद में 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया।लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई।मृतक नंदकिशोर पिता गेंदलाल सहारे ग्राम मंगलेगांव थाना कटंगी निवासी बताया गया है। जिला अस्पताल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदकिशोर सहारे मजदूरी का कार्य करता था। उसकी शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी। परिवार में पत्नी डिलेश्वरी और दो वर्षीय पुत्र है। इसके अलावा परिवार के अन्य लोग भी रहते हैं।बताया गया कि 28 जुलाई को नंदकिशोर अपनी पत्नी और बेटे के साथ ग्राम चिखला रिश्तेदारी में आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होने आया था। दोपहर के समय वह मोटरसाइकिल से ग्राम बोनकट्टा एक रिश्तेदार को लेने जा रहा था। इसी दौरान चिखला में ही मिरगपुर मार्ग पर उसकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नहर पुलिया के पिलर से जा टकराई। हादसे में नंदकिशोर सिर में गंभीर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल नंदकिशोर को तत्काल रामपायली अस्पताल पहुंचाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन जांच के दौरान चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में नंदकिशोर की मौत हो चुकी थी।जिला अस्पताल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिया है। शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका। शव का पोस्टमार्टम 29 जुलाई को कराकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।




आवश्यकता है

क्वार्क में पेज सेटिंग हेतु कम्प्युटर ऑपरेटर की आवश्यकता है

संपर्क करें-बालाघाट एक्सप्रेस
पद्मेश सिटी केबल, काली पुतली चौक, बालाघाट

# बालाघाट की प्रशासनिक कमान अब कुमार सत्यम के हाथ, कलेक्टर मृणाल मीणा छतरपुर भेजे गए



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले की प्रशासनिक व्यवस्था में मंगलवार शाम बड़ा बदलाव हुआ। राज्य शासन द्वारा 28 जुलाई की शाम जारी की गई आईएएस अधिकारियों की तबादला सूची में बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा (2015 बैच) का स्थानांतरण कर उन्हें छतरपुर कलेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं बालाघाट जिले की नई प्रशासनिक कमान कुमार सत्यम (2017 बैच) को दी गई है, जो वर्तमान में अपर कलेक्टर, ग्वालियर के पद पर सेवाएं दे रहे थे । मृणाल मीणा ने बालाघाट कलेक्टर के रूप में जिले की प्रशासनिक जिम्मेदारी संभालते हुए विभिन्न विभागों के कामकाज, विकास योजनाओं और जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर काम किया। अब शासन ने उन्हें छतरपुर जिले का कलेक्टर नियुक्त किया है। वहीं कुमार सत्यम को ग्वालियर अपर कलेक्टर के पद से स्थानांतरित कर बालाघाट कलेक्टर बनाया गया है। वे 2017 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और अब जिले की प्रशासनिक व्यवस्था की कमान संभालेंगे। 28 जुलाई की शाम जारी तबादला सूची में प्रदेश के कई आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण किए गए हैं। इसी क्रम में बालाघाट और छतरपुर के कलेक्टरों में भी बदलाव किया गया है। शासन के आदेश के बाद अब जिले में नए कलेक्टर के पदभार ग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू होगी। नए कलेक्टर के सामने जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को आगे बढ़ाने के साथ-साथ जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण, विकास कार्यों की निगरानी और विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी रहेगी।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :**9425138710**, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट